तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 29 मई, 2025

12 निगम से संगठन तक मचा बवाल, श्रमिकों ने कहा वेतन में कटौती नहीं करेंगे बर्दाश्त



13 किसानों के डीएपी खाद की चिंता को लेकर जनप्रतिनिधि पहुंचे कलेक्ट्रेट





## खबर संक्षेप

### पाटन में गांजा का व्यापार करने वाली महिला गिरफ्तार



**भिलाई।** आजाद चौक पाटन निवासी सोनी पति विजय नेताम उम्र 40 वर्ष को पुलिस गांजा की बिक्री करते पकड़ा। आरोपी सोनी के कब्जे से 1.100 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। गांजे के साथ मोबाइल भी जब्त किया गया। कीमत 13500 रुपए आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की गई। सोनी नेताम को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि उससे पूछताछ से कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। जानकारी के आधार पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

### जिला अस्पताल के हमर लैब में होने वाली जांचें प्रभावित, मरीज परेशान

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय के हमर लैब में 114 तरह की जांच की सुविधा है। अब वहां सिर्फ 32 टेस्ट बस हो रही है। इलेक्ट्रोलाइस, सोडियम, पोटेशियम, क्लोराइड टेस्ट बंद हैं। मशीन खराब होने के कारण पिछले 6 महीनों से एचबीएवनसी शुगर जांच बंद है। हमर लैब में चार डाक्टर कार्यरत हैं। वहां की प्रभारी को लेकर लगातार सिविल सर्जन से शिकायत की जा रही है। शिकायत में कहा जा रहा है कि नियमित रूप से लैब में नहीं रहतीं। साथ ही जिला चिकित्सालय दुर्ग में कोरोना का किट कम है। इससे जांच कम हो रही है। कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।

### मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए लगा नया मॉनीटर



**दुर्ग।** जिला अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए एक नया मॉनिटर लगाया गया। ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप प्रदान किया गया है। इस माइक्रोस्कोप से जिला चिकित्सालय दुर्ग में मोतियाबिंद ऑपरेशन करने वाले मरीज को ऑपरेशन में गुणवत्ता में सुधार होगा। इस ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप को प्रदान करने के दौरान राज्य अंधत्व निवारण अधिकारी डॉ. निधि, सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू, जिला अंधत्व अधिकारी डॉ. संगीता भाटिया, अल्पना अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

# बारिश के कारण खारून नदी पुल का नहीं हो सका मेंटेनेंस, अब मानसून के बाद होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दुर्ग-रायपुर की लाइफ लाइन फोरलेन पर कुम्हारी टोल के पास खारून नदी पर बने पुल का मेंटेनेंस नहीं हो पाएगा। बारिश के समय से पहले आने की वजह से ऐसे हालात बन गए हैं। बता दें कि 4 दिन पहले लोक निर्माण विभाग सेतू निगम के चीफ इंजीनियर एमएल उरांव ने पुल का निरीक्षण किया था। उन्होंने पुल की हालत देखकर तत्काल वैकल्पिक इंतजाम करने और मेंटेनेंस कराए जाने के निर्देश भी दिए थे। इस बीच पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है। साथ ही मानसून का आगमन भी होने वाला है, ऐसे में इस पुल का समय रहते मेटेनेंस कराना संभव नहीं माना जा रहा है। विभाग ने 1 से 20 जून के मध्य पुल का मेंटेनेंस कराए जाने की कार्ययोजना बनाई थी। 20 और 21 मई को वैकल्पिक इंतजाम को लेकर एक साइड को बंद भी किया गया था।

**रोजाना गुजरते हैं 1 लाख से ज्यादा वाहनः** रायपुर-भिलाई आने जाने वाले रोज़ाना औसतन एक लाख से ज़्यादा लोगों के लिए कुम्हारी टोल नाके से लगा खारून नदी का बड़ा पुल बेहद अहम है। नेशनल हाईवे होने के कारण इस पुल से 24 घंटे भारी ट्रैफ़िक भी गुज़रता है। इस पुल की मरम्मत शुरू होने वाली थी। इस वजह से 20 जून तक इस पुल पर ज़रूरत के अनुसार ट्रैफिक भी रोका जाना था। लेकिन समय से पहले बारिश आ जाने की वजह से मरम्मत शुरू नहीं की जा सकी। खबर है कि पुल के काम को बरसात तक रोकने का फैसला कर लिया गया है।

## 4 दिन पहले लोक निर्माम विभाग सेतू निगम के चीफ इंजीनियर एमएल उरांव ने किया था निरीक्षण

### पुल के नीचे होना है बियरिंग का काम, इसलिए दिक्कत

इंजीनियरों ने बताया कि पुल के नीचे बियरिंग का काम अब मुश्किल है, क्योंकि नदी में पानी बढ़ने लगेगा। दूसरा, पुल के ऊपर सड़क का काम भी बरसात में नहीं हो सकता क्योंकि डामर के काम मॉइश्चर में नहीं किए जा सकते। इसलिए, यह लगभग तय हो चुका है कि खारून नदी के बड़े पुल की मरम्मत अब अक्टूबर में ही संभव है। खारुन नदी पर बना ओवरब्रिज जर्जर हो गया है। ओवरब्रिज के स्लैब की बेरिंग खराब है। डामर की परत उखड़ गई है। इसलिए इसे सुधारा जाना आवश्यक है। बारिश के चलते इस काम में दिक्कत आ रही है।

### खारून नदी पर बना पुल 25 साल से ज्यादा पुराना



राष्ट्रीय राजमार्ग से मिली जानकारी के मुताबिक दुर्ग से रायपुर आने वाला ओवरब्रिज काफी जर्जर हो गया है। इसमें 10 स्लैब है, जिसमें 60 बेरिंग लगी है। ओवरब्रिज 20 से 25 साल पुराना है। ठेका एजेंसी एक-एक स्लैब को जैक से उठाकर नई बेरिंग लगाएगी। इस काम में करीब 10 दिन लगेंगे। इस दौरान यातायात पूरी तरह से बंद रहेगा। यातायात के वैकल्पिक संचालन के लिए मरम्मत वाले ब्रिज के बीच में डिवाइडर लगाकर दो भागों में बांटा जाएगा। ट्रैफिक की समस्या को देखते हुए दिक्कत बनी हुई है। बहरहाल ट्रैफिक विभाग ने भिलाई सेक्टर एरिया से उतई-सेलूद-दौर-घुघुवा-औरी-मोतीपुर-अमलेश्वर रायपुर, पुरानी भिलाई चौक (सिरसा गेट)-ग्राम सिरसा-औरी-मोतीपुर-अमलेश्वर-रायपुर, रॉयल खालसा-ग्राम उरला-परसदा-अमलेश्वर-रायपुर मार्ग सुझाए हैं।

## दुर्ग पुलिस चला रही अभियान, बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों की हो रही खोजबीन

# बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में अब तक 474 की जांच, 103 संदेहियों के लिए फिंगर प्रिंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमान घुसपैठियों की पहचान के लिए पुलिस का अभियान युद्ध स्तर पर जारी है। पिछले हफ्तेभर में पुलिस ने 474 लोगों की जांच की, जिनमें 103 संदेहियों की पहचान हुई है। उनके फिंगर प्रिंट लेकर दस्तावेजों और अन्य माध्यमों से उनकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। बता दें कि पुलिस ने अब तक 5 से ज्यादा बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध कार्रवाई भी की है। इसके बाद से लगातार सघन जांच की जा रही है। बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बीएसपी के ठेकेदारों की बैठक ली, जिनमें बताया गया कि काम करने वाले वर्करों के पहचान का सत्यापन कराया जाए। बांग्लादेशी होने के संदेह पर तत्काल पुलिस को खबर दी जाए। एसएसपी ने विशेष टीम गठित कर घुसपैठियों की धरपकड़ के लिए अभियान चला रखा है। अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर फैक्ट्री, लकड़ी टाल, भीड़-भाड़ वाले रहवासी क्षेत्रों में रहने वाले किरायेदारों को चेक किया जा रहा है। चेकिंग के दौरान छावनी अनुविभाग अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर, हथखोज एवं पुरैना में लगभग 65 लोगों की जांच की गई, जिसमें 15 संदेहियों का फिगर प्रिंट लिए गए।



### कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी, पांच रास्ता सुपेला में भी जांच

पुलिस ने बुधवार को कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी, पुरानी बस्ती, पांच रास्ता सुपेला के आसपास सघन जांच की। किराए से रहने वाले लोगों को चेक किया गया। इसमें किराए के मकान में कुल 201 व्यक्तियों को चेक किया गया, जिसमें ज्यादातर आसपास के जिले के होना पाया गया। किसी प्रकार का संदेही नहीं मिला। मकान मालिक को किरायेदार का परिचय पत्र पूर्ण पता आवश्यक जानकारी लेकर थाने में सूचना देने हिदायत दी गई। इधर उतई में ग्राम डुमरडीह, महकाकला क्षेत्र में विजय पाण्डे के आरा मशीन, प्लॉई वुड की फैक्ट्री तथा जिंदल प्लॉई वुड फैक्ट्री, पाटन में आरा मिल में कार्यरत कुल 208 लोगों को चेक किया गया। 88 लोंगों का फिंगर प्रिंट लिया गया।



### एसएसपी के निर्देश- किराएदार और वर्करों की पहचान का सत्यापन जरूरी



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने निर्देश जारी किए हैं कि जिले में किराएदार और नौकरों की पहचान का सत्यापन जरूरी है। हर मकानमालिक और निवासी यह सुनिश्चित कराएं। कुछ असामाजिक तत्व दुर्ग, भिलाई व निकटवर्ती नगरीय क्षेत्रों, नगर के बाह्य क्षेत्रों में अपराध घटित करने की नीयत से स्वयं को आवासीय क्षेत्र में छुपाने का प्रयास करते हैं। इससे नगर की शांति व्यवस्था को खतरा होने के साथ-साथ मानव जीवन और लोक संपत्ति को क्षति की आशंका बनी रहती है। इसे देखते हुए दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा, कुम्हारी, जामुल व निकटवर्ती नगरीय क्षेत्रों व नगर बाह्य क्षेत्रों के निवासियों की सुरक्षा, शांति एवं जनहित को दृष्टिगत रखते हुए तत्कालिक तौर पर मकान मालिकों एवं प्रतिष्ठानों के किराये पर भवन देने व मकान लेने के पूर्व तथा पूर्व से ही किराएदार के रूप में रह रहे व्यक्तियों का पूर्ण विवरण निकटतम थाना प्रभारियों को दें। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा जारी आदेश के मुताबिक सभी मकान मालिकों के लिए किराएदारों की सूचना देना अनिवार्य है। कोई भी मकान मालिक उस समय तक अपना मकान या उसका कोई भाग किराये पर नहीं देंगे, जब तक किराएदार का पूर्ण विवरण संबंधित थाना प्रभारी को प्रस्तुत नहीं कर देते। किसी भी व्यक्ति को वैध पहचान पत्र के बिना आवास किराये पर न दिया जाए।

## मौसम विभाग का अलर्ट

# समय पहले मानसून की दस्तक, आज होगी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दक्षिण पश्चिम मानसून ने बुधवार को छत्तीसगढ़ प्रवेश कर लिया है। प्रदेश के दंतेवाड़ा में मानसून पहुंच गई। भारी बारिश की चेतावनी भी दी गई है। इस बार मानसून समय से पहले यहां पहुंचा है। मौसम विभाग ने इसकी घोषणा कर दी। हर साल मानसून की शुरूआत 8 या 10 जून से होती है लेकिन इस बार प्री मानसून भी एक जून के बजाय 28 मई को आ पहुंचा।

- छत्तीसगढ़ में मानसून प्रवेश की मौसम विभाग ने की घोषणा

### इस बार ज्यादा बारिश का अनुमान



मौसम विशेषज्ञों ने मानसून की इस सक्रियता से इस बार अच्छी बारिश होने का अनुमान लगाया है। इस बार 110 प्रतिशत होने का अनुमान जताया गया है। पिछले साल वर्ष 2024 में 106 प्रतिशत बारिश हो पाई थी। दक्षिण पश्चिम मानसून अगले दो दिनों में उत्तर पूर्व के बचे हुए राज्य, छत्तीसगढ़ के कुछ और भाग, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल के कुछ भाग, और सिक्किम में पहुंचने की संभावना है।

### बंगाल की खाड़ी में ऐसी हलचल

मौसम विभाग के मुताबिक एक चिन्हित कम दबाव का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी, उड़ीसा तट से दूर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है तथा यह ऊंचाई के साथ दक्षिण दिशा में झुका हुआ है। इसके धीरे-धीरे उत्तर की ओर आगे बढ़ते हुए और प्रबल होकर अवदाब के रूप में उत्तर बंगाल की खाड़ी के ऊपर बनने की संभावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 70 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है।

### ये द्रोणिकाएं सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका पश्चिमी राजस्थान से उत्तर छत्तीसगढ़ तक पूर्वी राजस्थान मध्य प्रदेश होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक विंडशियर जोन 17 डिग्री उत्तर में 3.1 कमी से 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है तथा यह ऊंचाई के साथ दक्षिण दिशा में झुका हुआ है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभ मंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 55 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है।

### आज कई जगह होगी बारिश

29 मई को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पढ़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने, अंधड़ चलने और वज्रपात हो सकता है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

# ट्यूशन पढ़ने गई दो किशोरियों से की छेड़छाड़, शिक्षक को 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

वैशालीनगर क्षेत्र में ट्यूशन पढ़ने आई दो किशोरियों से छेड़छाड़ के मामले में कोर्ट ने आरोपी कमलजीत छाबड़ा (57 वर्ष) को 20 साल की सजा सुनाई। न्यायाधीश अनिष दुबे के न्यायालय से यह फैसला आया।

प्रकरण के मुताबिक घटना 14 दिसंबर 2022 की सुबह करीब 9 बजे की है। आरोपी के पास 15 और 13 वर्षीय किशोरी पढ़ने के लिए आया करती थी। इस दौरान आरोपी ने दोनों के साथ गलत हरकतें की। इस मामले में परिजनों की शिकायत के बाद वैशालीनगर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 354 (क)(1), 342, 376(3), पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर मामला कोर्ट में विचारण के लिए प्रस्तुत किया। जहां से आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। आरोपी को कोर्ट ने 20 साल के साथ एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास और क्रमशः 5हजार, 1-1 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। माामले में शासन की तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रूपवर्षा दिल्लीवार ने की।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 41.50 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर दुर्ग निगम के ईई मोहन पुरी गोस्वामी के पुत्र मयंकपुरी से 41.50 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। डी मैट अकाउंट खोलकर पहले निवेश कराए गए, प्रॉफिट का झांसा दिया गया। इसके बाद प्रॉफिट भेजना बंद कर दिया। मामले में पद्मनाभपुर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मयंकपुरी उम्र 34 वर्ष विद्युत नगर दुर्ग में रहता है। शेयर में ट्रेडिंग का काम करता है। कुछ दिनों पहले मयंक को रिया गुप्ता नाम से एक ट्रेडिंग अकाउंट में जुड़ने का प्रस्ताव आया। पहली बार ट्रेडिंग करने के लिए 16 मई को शाम 7 बजे 42,500 रुपए ट्रांसफर करवाए गए। कुछ ही मिनट में मयंक द्वारा खोले गए ट्रेडिंग एकाउंट में बैलेंस दिखने लगा। उसी दिन पहला ट्रेडिंग करवाया गया। पहले ट्रेडिंग में 500 डॉलर लगवाए गए। 99.9 डॉलर का मुनाफा हुआ, जिसमें से मयंक ने 99 डॉलर निकालने के लिए मैसेज डाल दिया। 17 मई को 8,415 रुपए आईसीआईसीआई के खाता में जमा हो गए। दूसरी ट्रेडिंग 19 मई को करने के लिए 2 लाख एवं 3 लाख कुल 5 लाख एक ही दिन में मयंक के द्वारा निवेश किए गए। दुर्गा इंटरप्राईजेस में रुपए जमा करने की सूचना दी गई। 5 लाख जमा कराने के बाद ट्रेडिंग में 6 हजार डॉलर का निवेश किया गया। 1,429.75 डॉलर का मुनाफा दिखाया गया। इसके बाद मयंक ने कस्टमर सर्विस में 7100 डॉलर निकालने का रिक्वेस्ट किया। 20 मई बैंक खाता में 2,03,500 एवं 4 लाख कुल 6,03,500 रुपए प्राप्त हुए। इस प्रकार वह निवेश करता रहा। 21 मई को 38,289.96 डॉलर के निवेश से 8803.43 डॉलर का मुनाफा बेबसाईड में दिखाया गया, जिससे मयंक के वेबसाइड के वर्चुवल एकाउंट में कुल 47,220.07 डॉलर का बैलेंस दिखाया गया। 21 मई मयंक के द्वारा 47,000 डॉलर यानी लगभग 40,00,000/-रुपये की निकासी के लिए रिकवेस्ट डाला गया एवं 24 घंटे के अंदर खाते में पैसा आने की जानकारी दी गई इसके बाद राशि होल्ड कर दी गई।

# टाउनशिप की सड़क पर दिखा लकड़बग्घा, वीडियो वायरल



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

टाउनशिप की सड़क पर बीती रात यानी 27 मई की रात को लकड़बग्घा घूमते देखा गया है। इसके बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो किसने बनाया, इसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया है। वन विभाग और मैत्री बाग की टीम मामले की पड़ताल में जुटी है। वीडियो जिस जगह का नजर आ रहा है, वैसी जगहों पर टीम भेजकर जानकारी ली जा रही है। लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि वास्तविकता का पता चल सके। बताया जाता है कि वीडियो सेक्टर-1 के मुर्गा चौक के आसपास का है। यह घटना आधी रात के करीब की बताई जा रही है। एक व्यक्ति ने अचानक इस जानवर को घूमते हुए देखा और इसका वीडियो बना लिया। बता दें कि इससे पहले भी टाउनशिप में लकड़बग्घा देखे जा चुके हैं। मैत्री बाग में दो लकड़बग्घा हैं, जो पूरी तरह से सुरक्षित हैं। पिछले दिनों सोशल मीडिया में एक बाघ का वीडियो भी वायरल हुआ था, बाद में पता चला कि एआई के माध्यम से फर्जी वीडियो तैयार किया गया था। बहरहाल वन विभाग की टीम लकड़बग्घा के मामले में पतासाजी कर रही है।

## लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति की बैठक में निर्णय

# नालों की सफाई के लिए खरीदेंगे मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई के खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू की अध्यक्षता में बुधवार सलाहकार समिति की बैठक हुई। अध्यक्ष लक्ष्मीपति ने खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के सलाहकार समिति द्वारा निकाय क्षेत्रान्तर्गत वर्षा ऋतु के पूर्व नालों एवं नालियों की सफाई, मौसमी बीमारियों के रोकथाम व बचाव के संबंध में चर्चा की। निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्डो की साफ-सफाई कार्य हेतु 15वें वित्त आयोग से प्राप्त होने वाली राशि के अन्तर्गत आवश्यकतानुसार संसाधन एवं उपकरण जैसे- जेसीबी (बैंक हो-होल्डर), डम्पर, चैन माऊटेन मशीन, ई-रिक्शा, बेलिंग मशीन एस.आर एम सेंटर हेतु, सेक्शन यूनिट मशीन, काम्पेक्टर, कग करने का सर्व सम्मति से संकल्प पारित किया गया।

### सफाई कार्यों का निरीक्षण के निर्देश

निगम क्षेत्रान्तर्गत साफ-सफाई कार्यों का निरीक्षण निगम महापौर एवं अध्यक्ष खादद्य लोक स्वा एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिकारियों के साथ निरीक्षण किये जाने के निर्देश भी दिये गये। बैठक में सदस्य ईश्वरी नेताम, एम लक्ष्मी गोपाल, पी. के श्याम सुंदर , सरिता देवी, उमेश कुमार, के जगदीश, स्वच्छता समिति के सदस्य एवं जावेद अली, सचिव खादद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के सचिव व स्वास्थ्य अधिकारी राजेश पालवे प्रसहायक अधीक्षक उपस्थित थे।

# अतिक्रमण हटाने 76 लोगों को 72 घंटे का अल्टीमेटम

## रिसाली निगम का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

प्रगति नगर मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। अंतिम नोटिस कुल 76 लोगों को जारी किया गया। स्वतः नहीं हटाने पर निगम के अधिकारी बुलडोजर चलाऐंगे। इस कार्य में होने वाले खर्च को अतिक्रमणकारियों से वसूला जाएगा। मैत्री गार्डन चौक के निकट सड़क की जमीन पर तीन दुकान का निर्माण किया गया है। नोटिस के बाद भी दुकान को नहीं हटाया गया। तीनों दुकान को पुलिस की मौजूदगी में निगम कर्मी 29 मई को खाली कराने के बाद ध्वस्त करेंगे।

### केवल चार लोग पहुंचे दस्तावेज लेकर

रिसाली निगम ने इसके पूर्व दस्तावेज परीक्षण कराने 70 से भी अधिक नोटिस जारी किया था। नोटिस के बाद केवल 4 लोगों ने नक्शा और रजिस्ट्री की छायाप्रति परीक्षण के लिए जमा कराया है। वहीं शेष ने दस्तावेज परीक्षण कराने रूचि नहीं दिखाई।

### इस धारा के तहत वसूली

अतिक्रमणकारी अगर स्वतः कब्जा नहीं हटाता तो निगम अमला कार्रवाई करेगा। इस कार्रवाई में खर्च होने वाली राशि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 307 एवं 321, 322 तहत अतिक्रमणकारी से वसूल की जाएगी।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

**खबर संक्षेप**

## सोसाइटियों में खाद एवं बीज की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराएं - डॉ उमरे

**दुर्ग।** पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने दुर्ग जिले के सहकारी सोसाइटियों में खाद एवं धान के बीज की किल्लत से किसानों को हो रही परेशानियों पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग कलेक्टर अभिजीत सिंह से किया है। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने बताया कि इस वर्ष मानसून समय पूर्व दस्तक दे रहा है। किसान खेती के कामों में जुटे हुए है लेकिन किसानों को सोसायटी से खाद बीज व अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। सोसायटियों की ओर से खरीफ वर्ष के लिए किसानों को खाद और बीज न्यूनतम दाम पर उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन फिलहाल सोसायटियां आपूर्ति करने में सक्षम नहीं हो पा रही हैं। जिस अनुपात में किसानों को उसकी जरूरत होती है उस अनुपात में उन्हें इसकी सप्लाई सोसाइटियों के माध्यम से नहीं मिल पा रही है। ऐसे में जिले के किसान भटक रहे हैं। देरी की वजह से किसान मजबूरी में बाजार से महंगे दामों में खाद एवं बीज लेने को मजबूर हो गए हैं। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने कलेक्टर से मांग किया है कि दुर्ग जिले की सोसाइटीयों में खाद एवं बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराएं ताकि किसानों से हो रही लूट को रोका जा सके।

## कर्मचारी संघ के रोहित बने अध्यक्ष



**दुर्ग।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ दुर्ग के अध्यक्ष पद का निर्वाचन हुआ। निर्वाचन में रोहित वर्मा सहायक लेखापाल एवं पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर दो उम्मीदवार द्वारा नामांकन भरा गया। कुल 474 मतदाताओं में से 434 कर्मचारियों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें से 322 मत रोहित वर्मा को एवं 111 वोट लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर को प्राप्त हुए। इस प्रकार रोहित वर्मा ने 211 मतों से पूर्व यूनियन अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर पर जीत दर्ज की। रोहित वर्मा के जीत से कर्मचारियों में उत्साह का महौल दिखा। निर्वाचन कार्य बुद्धदेव सिंह, विनोद सेवानिवृत पर्यवेक्षक एवं उनके टीम द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर रोहित आलेन्द्र, चिन्ताराम रावटे, राजेन्द्र वारे, धीरेन्द्र देवांगन, तोषण देशमुख, भूपेश तिवारी, दीपक शर्मा, समीर अग्रवाल, रवि वर्मा, रीना साहू, कैलाश गौतम सहित सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी शामिल थे।

## मिली 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ब्रह्माणपारा सण्डी तहसील धमधा जिला दुर्ग निवासी शशांक तिवारी की विगत 22 मार्च 2020 को अथगढ़ जिला कटक उड़ीसा में कपड़े साफ करते समय कुआं में पैर फिसलने पर पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व शशांक तिवारी की पत्नी श्रीमती विजय लक्ष्मी तिवारी को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# वित्त की राशि को लेकर जनपद की सामान्य सभा में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पन्द्रवें वित्त आयोग की राशि को लेकर जनपद के सामान्य सभा में जमकर बवाल मचा रहा। भाजपा जनपद सदस्य आपस में राशि बांटने को लेकर अडे रहे, वहीं कांग्रेस सदस्यों ने पूरजोर इसका विरोध किया। उनका कहना था कि, यह राशि विकास के लिए और जनता के हित के लिए है। इसलिए सभी चौबीस जनपद सदस्यों को राशि जारी किया जाए। इस मसले को लेकर जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी सहित अन्य सदस्य कुर्सी छोड जमीन पर बैठ गए थे।

जानकारी अनुसार वर्ष 2024-25 के वित्त की राशि करीब 72 लाख रूपए जारी किया गया है। इस राशि के अनुमोदन के लिए सामान्य सभा का आयोजन किया गया था। इस बीच राशि जारी किए जाने की बात पहले उठी। जिस पर भाजपा के तेरह सदस्य कांग्रेस के 11 सदस्यों के राशि वितरण से अलग करने लगे थे, विरोध में कांग्रेस सदस्य आक्रोशित हो गए। उनका कहना था कि, वित्त की राशि सभी जनपदों में बराबर बंटना चाहिए। राकेश हिरवानी जप उपाध्यक्ष के नेतृत्व में आधा दर्जन से ज्यादा सदस्य सदन में अध्यक्ष के सामने जमीन पर बैठ गए। कांग्रेस का आरोप था कि, सत्तासीन दल से जुड़े सदस्य आपस में 15वीं वित्त की राशि को बांटना चाहते हैं। जिस पर विपक्षी सदस्य नाराज हो गए। जनपद सदस्यों की संख्या 24 है, जिसमें सत्ताधारी दल के पास 13 और विपक्ष में 11 सदस्य हैं। 13 सदस्य 15 वित्त की राशि को आपस में बांटना चाहते हैं।

### कांग्रेस सदस्यों ने जताई नाराजगी, उपाध्यक्ष सहित अन्य सदस्य जमीन पर बैठे

#### सीईओ के निवेदन पर भी नही माने

सामान्य सभा के बैठक के बीच कांग्रेस सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इस बीच 15 वित्त की राशि को जनसंख्या के आधार पर नहीं बांटे जाने का आरोप उपाध्यक्ष हिरवानी ने लगाया, वहीं इसके समर्थन में आधा दर्जन सदस्यों ने भी जमीन पर बैठ गए। इस पर जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेश पांडे जनपद सदस्यों से निवेदन करते रहे कि, माननीय सदस्य अपनी कुर्सी में बैठे। लेकिन सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। नाराज सदस्यों ने जमकर बीजेपी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सभा से निकले।



#### बहुमत के आधार पर

सामान्य सभा में करीब 72 लाख रूपए के प्रस्ताव के अनुमोदन को लेकर सामान्य सभा बुलाया गया था। नियमत: बहुमत के आधार पर राशि की स्वीकृति दी गई है। **-रूपेश पांडेय,** सीईओ जनपद दुर्ग

#### कुछ सदस्यों से ही मांगे गए थे प्रस्ताव

सामान्य सभा में कांग्रेस के सदस्यों ने आरोप लगाया कि, संचाल संकर्म समिति के पास भाजपा के चहेते सदस्यों का ही प्रस्ताव मंगाया गया था। सिर्फ उन्ही तेरह भाजपा सदस्यों के लिए राशि जारी कर दी गई। कांग्रेस सदस्यों ने बताया कि, उन्हें प्रस्ताव मांगने की जानकारी ही नही दी गई। अफसरों ने बताया कि, वर्ष 2024-25 की यह राशि जारी हो गई थी। लेकिन पंचायत चुनाव के चलते आचार संहिता के कारण राशि वितरित नही की गई, जिसे लेकर सामान्य सभा का आयोजन किया गया था।

### आंदोलन : डेढ़ हजार सफाई कर्मी सड़क पर उतरे, कहा श्रमिकों का कर रहे शोषण

# निगम से संगठन तक मचा बवाल, श्रमिकों ने कहा वेतन में कटौती नहीं करेंगे बर्दाश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम के सफाई कर्मियों का मुद्दा अब सडक तक पहुंच गया है। बुधवार को हजारों की संख्या में कर्मचारी सडक पर उतर गए और उन्होने नगरनिगम का घेराव भी कर दिया। बेहद आक्रमक तरीके से किया गया यह प्रदर्शन अब जिला भाजपा संगठन तक पहुंच गया है। श्रमिको के प्रदर्शन के बाद जिला भाजपा कार्यालय में करीब तीन घंटे तक बैठक चली। इधर सफाई कर्मियों ने कहा है कि, आठ हजार के जगह उन्हें सिर्फ छः हजार वेतन दिया जा रहा है। जिससे वे बेहद खपा है, कई श्रमिको को अभी भी वेतन नही मिला है।

बुधवार को राजेन्द्र पार्क से हजारों की संख्या में सफाई कर्मी एकत्रित हुए। मिशन क्लीन सिटी के साथ ही प्लेसमेंट के भी सफाई कर्मियों ने एकजूटता दिखाकर एक साथ सडक पर उतर गए। श्रमिको की लंबी रैली देख नगरनिगम के गेट के सामने पुलिस जवानों की भी तैनाती की गई थी। गेट के सामने श्रमिक निगम प्रशासन से पूरी वेतन की राशि देने की मांग कर रहे थे, लेकिन इस दौरान जिम्मेदार अधिकारी सामने नही आए। श्रमिको के बैठक के बाद दोपहर को भाजपा कार्यालय में तीन घंटे तक बैठक चली। इस बैठक में ऐसी उम्मीद जताई जा रही थी, कि श्रमिको को मुद्दे को लेकर रास्ता निकल जाएगा। लेकिन बैठक बेनजीता रहा। इस बैठक में विधायक गजेन्द्र यादव, महापौर अल्का बाघमार सहित चालीस भाजपा पार्षदों की बैठक आहुत की गई थी।

### शहर में सफाई का बुरा हाल, शहरवासियों का भी फूट रहा गुस्सा



#### कांग्रेसियों ने कर्मियों का दिया समर्थन

सफाई कर्मियों की मांग को लेकर कांग्रेस नेताओं ने समर्थन दिया है। पूर्व विधायक अरूण वोरा ने कहा नगर पालिक निगम, दुर्ग के सफाई कर्मियों की हड़ताल ने शहर की सफाई व्यवस्था को पूरी तरह ठप कर दिया है। बीते सात दिनों से प्लेसमेंट और मिशन क्लीन सिटी वर्कर अपनी ज्वलंत मांगों को लेकर निगम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हैं। अब पूरे दुर्ग शहर में चरमराई हुई सफाई व्यवस्था से जनता परेशान है, लेकिन निगम प्रशासन अब तक मौन है। पूर्व मेयर ने कहा महापौर को सामने आकर समस्या सुननी चाहिए, जनप्रतिनिधि को इस तरह भागने और गैरजिम्मेदार कार्य शोभा नही देता। इस दौरान पूर्व सभापति राजेश यादव, प्रेमलता साहू, संजय कोहिले, बिजेन्द्र पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

#### रोज कर्मी कर रहे घेराव, जिम्मेदारी मौन

पिछले सात दिनों से सफाई कार्य पूरी तरह से ठप हो गया है। मिशन क्लीन सिटी के 582 और प्लेसमेंट के एक हजार से अधिक कर्मियों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। ननि में रोज सफाई कर्मी आंदोलन कर रहे है। कर्मियों का यही सवाल हैं कि, ननि उन्हें हर माह आठ हजार देती रही है, लेकिन अप्रैल से ठेका बताकर उनके खाते से दो-दो हजार कांट लिया जा रहा है। इधर महापौर का बयान जारी हुआ है। जिसमें उनका कहना है कि, कर्मी बैठकर बात नहीं करना चाहते है।

#### विधायक से भाजपा पार्षदों ने लगाई गुहार

ऐसी जानकारी मिली हैं कि, भाजपा के दो दर्जन से अधिक पार्षद श्रमिको की समस्या को लेकर विधायक गजेन्द्र यादव से हस्तक्षेप करने की मांग करने पहुंचे थे। लेकिन इस मसले को विधायक ने जिला भाजपा संगठन के पाले में डाल दिया। जिसके बाद दोपहर तीन घंटे विधायक और महापौर सहित जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक की मौजूदगी में बैठक चली। लेकिन बैठक सिर्फ चर्चा तक सिमटकर रह गई।

#### चहेतों को अधिकृत किए जाने का आरोप

हांलाकि इस बैठक में पार्षदों ने कई आरोप भी लगाए है। जिसमें महापौर और आयुक्त द्वारा फोन नही उठाने की शिकायत संगठन से की गई। वही चालीस पार्षदों में सिर्फ चार को ही अधिकृत किए जाने तक की बात नाराज पार्षदों ने कह दी। उनका कहना था कि, महापौर सिर्फ कुछ ही पार्षदों से चर्चा करती है। महापौर का निरिक्षण तक की जानकारी उन्हें नही मिल पाती हैं। इस तरह बैठक में मेयर के कार्य को लेकर पार्षदों ने जमकर नाराजगी जताई।

#### अनुबंध की शर्त भी सार्वजनिक नहीं

नगर निगम ने पार्षदों की जानकारी के बगैर गुपचुप तरीके से सफाई ठेका दे दिया गया है। इस ठेके का परिणाम यह है कि, पहले ही माह में ठेकेदार वेतन में कैंची चला दी है। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि, आखिर किस अनुबंध के तहत ठेका दिया गया है। कम से कम इसे निगम प्रशासन को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इसकी जानकारी सफाई कर्मियों से क्यों छुपाई जा रही है।

#### आयुक्त को पूर्व एल्डरमेन ने की हटाने की मांग

नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन डॉ. प्रतीक उमरे ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से दुर्ग नगर निगम के आयुक्त सुमित अग्रवाल को दुर्ग नगर निगम के आयुक्त पद से हटाकर की मांग किया है तथा दुर्ग नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की मांग पूरी कर हड़ताल को समाप्त करने हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। डॉ. प्रतीक उमरे ने कहा आयुक्त की अपरिपक्व कार्यशैली की वजह से शहर के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर है। हड़ताल खत्म करने आयुक्त द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया और ना ही समय पर उन्हें वेतन का भुगतान किया गया। जिसका खामियाजा पुरे दुर्ग शहर की जनता को भुगतान पड़ रहा है।

## नहीं मिल रही राहत, करोड़ों की पानी टंकी बनी सिर्फ शो-पीस



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के अंडा अंतर्गत तिरगा (झोला भोथली) में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में से एक जल जीवन मिशन के तहत गांव के सभी घरों में पानी पहुंचाए जाने के लिए पानी टंकी व नल कनेक्शन का निर्माण किया गया है, लेकिन हकीकत में इस योजना से लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। यह ग्राम पंचायत तिरगा झोलाभोथली में देखा जा सकता है।

- पाईप लाइन का अधूरा निर्माण टंकी सीपेज की शिकायत

यहां करोड़ों की लागत से पानी टंकी का निर्माण कर तो दिया गया है, लेकिन आम लोगों को पानी अभी तक नसीब नहीं हो सका है। ग्रामवासी का कहना है कि, अगले 3 वर्ष पूर्व पानी टंकी बनाया गया है। लेकिन आज तक इसमें पानी नहीं भरा गया है और ना ही ग्रामीणों को एक भी बून्द पानी मिला है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया हैं कि, आखिर क्या कारण है, जों हमें पानी नहीं मिला रहा है। यहां 3 वर्ष से टंकी बनकर खडा है। वही उपयोग नही होने से यह जर्जर स्थिति में होने लगी है। लेकिन आज तक पानी चालू नहीं किया गया है।

#### पूरा सीजन पेयजल के लिए रहे परेशान, तालाब भी सूखा

ग्रामीणों ने बताया कि, गांव के लोग गर्मी में पेयजल के लिए परेशान रहे। गांव में जलस्तर गिरने से तालाब सूख गया, वही बोरवेल्स से भी पानी कम आने लगा हैं। इसके बाद भी करोडो रूपए की लागत से बनाया गया टंकी कोई काम नही आया। जिसे लेकर ग्रामीणों में बेहद नाराजगी सामने आ रही है। ग्रामीणों ने कहा आखिर क्या कारण है कि, प्रधानमंत्री द्वारा करोड़ों कि लागत सें हर घर जल जीवन मिशन चलाया जा रहा है और एक तरफ ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे है।

# सिटी क्लब में तैयार हो रहा स्विमिंग पूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्टेशन रोड स्थित सिटी क्लब में अत्याधुनिक स्विमिंग पुल का निर्माण किया जा रहा है। विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से स्वीकृति होने के बाद शुरू हुए निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। मॉर्निंग विजिट में विधायक गजेन्द्र यादव खिलाड़ियों के साथ कोर्ट निर्माण के सभी पहलुओं को जायजा लेते रहते है। इंजिनियर ने बताया कि, बेस कार्य पूरा कर लिया गया है। ड्राइंग डिज़ाइन के मुताबिक गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, यह स्विमिंग पुल शहर में खेल प्रेमियों के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। कार्य में संलग्न इंजीनियरों को कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। विधायक ने कहा रविशंकर स्टेडियम के पास इंडोर बैडमिंटन कोर्ट भी तैयार हो रहा है। जिसका निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, शीघ्र ही बेस और फिनिशिंग पूरा होते ही लोकार्पण किया जायेगा। आरईएस के एसडीओ सीके सोने ने बताया कि, स्विमिंग पुल का काम भी प्रारंभ हो चुका है। स्टेशन रोड स्थित सिटी क्लब में लगभग 7900 स्क्वायर फिट में पुल बनने के साथ ही चेंजिंग रूम, कैंटीन और फूलों से सुसज्जित गार्डन से अच्छा वातावरण मिलेगा। स्टेशन रोड गायत्री मंदिर वार्ड 25 में दुर्ग शहर बनने वाला यह पहला अत्याधुनिक स्विमिंग पुल पूरी तरह से इंडोर होगा। जिसमे बारिश व धूल से बचाने पूरा एरिया रौशनी से पारदर्शी शेड रहेगा।

- जल्द ही शहरवासियों को मिलेगी सौगात



#### जल्द बनकर तैयार होगा बैडमिंटन कोर्ट


विधायक ने कहा कि, रविशंकर स्टेडियम के पास डेढ़ करोड़ की लागत से लगभग 13500 स्क्वायर फिट पर बन रहे इंडोर परिसर में एक साथ तीन बैडमिंटन कोर्ट रहेगा। दर्शक दीर्घा में 50 लोगों के बैठने के लिए सिटिंग एरिया होगा। वुडन फ्लोर के साथ एलईडी लाइटस होंगी, जिससे सुबह व रात में भी बैडमिंटन खेल सकेंगे। निर्माण कार्य अंतिम चरण में है जल्द ही दुर्ग की जनता को इसकी सौगात मिल जाएगी।

## छ.ग.मदरसा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा कल से

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा मई से प्रारंभ होगी। बोर्ड द्वारा आयोजित यह परीक्षा 12 जून तक जारी रहेगी। परीक्षा का समय प्रातः नौ बजे से 12 बजे तक निर्धारित है। बोर्ड के अध्यक्ष अलताफ अहमद ने बताया है कि राज्य के विभिन्न जिलों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। स्वामी आत्मानंद शा. इंग्लिश मीडियम स्कूल फरीद नगर कोहका भिलाई शामिल हैं। हाईस्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के अंतर्गत 29 मई को गणित, 31 मई को सामाजिक विज्ञान, 02 जून को सामान्य अंग्रेजी, सामान्य संस्कृत, 04 जून को सामान्य हिन्दी, 05 जून को विशिष्ट उर्दू एवं 10 जून को विज्ञान के प्रश्न-पत्र होंगे। हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के तहत 29 मई को रसायन,लेखा शास्त्र , इतिहास, 31 मई को व्यवसाय अध्ययन, गणित/जीव विज्ञान, भूगोल, 02 जून को अर्थ शास्त्र, भौतिकी, 04 जून को विशिष्ट उर्दू, 05 जून को सामान्य अंग्रेजी/सामान्य हिन्दी, 10 जून को राजनीति शास्त्र एवं 12 जून को समाज शास्त्र के पर्चे होंगे।




## शुभ्रकान्त एथिक्स एंड इंटिग्रिटी राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित



**दुर्ग।** द इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ वैल्युअर्स पुणे महाराष्ट्र में आयोजित सेमिनार एवं अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के इंजीनियर शुभ्रकान्त ताम्रकार एथिक्स एंड इंटिग्रिटी अवॉर्ड से सम्मानित हुए। राष्ट्रीय स्तर का यह अवॉर्ड इंस्टीट्यूशन के फाउंडर डॉ अमीन शेख एवं चार्टर्ड वैल्युअर्स सुनील गंजाले द्वारा प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि पूरे देश में संपति वैल्यूएशन के क्षेत्र में कार्यरत सभी संस्थानों को सरकारी गाईडलाइन के अनुरूप कार्य करने की बाध्यता रहती है। समय-समय पर उनकी कार्यशैली एवं कार्यों की गुणवत्ता के लिए इंस्टीट्यूशन्स द्वारा सेमिनार के माध्यम से दिशा-निर्देश दिया जाता है और कार्यों का मूल्यांकन भी किया जाता है। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के 150 वैल्युअर्स आमंत्रित थे जिसमें से चिन्हित 10 लोगों को पुरस्कृत किया गया। छत्तीसगढ़ से भिलाई के सिविल टेक्निकल सॉल्यूशंस एवं सिविल इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर इंजी. शुभ्रकान्त ताम्रकार को उनके उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए सम्मानित किया गया। इंजी. शुभ्रकान्त छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के दुर्ग जिला युवा अध्यक्ष हैं। उनकी उपलब्धि पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, संयोजक ब्रह्मदेव पटेल, उपाध्यक्ष संतकुमार केसकर, घनश्याम देवांगन, अनुरूप साहू, लखन साहू, कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष भानुप्रताप यादव, जीवन सिन्हा, चंदू लाल मरकाम, प्रदेश सांस्कृतिक प्रभारी कृष्णकुमार पाटिल आदि ने बधाई दी है।



## खबर संक्षेप



### नवनिर्वाचित पंचो का सम्मान व पूर्व पंचों को दी विदाई

**उतई।** आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज मुंडा परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित पंचो का सम्मान एवं पूर्व पंचों का विदाई कार्यक्रम बुढ़ादेव मंदिर में आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम बुढ़ादेव की पूजा-अर्चना की गई तत्पश्चात नवनिर्वाचित पंच एवं मुड़ादार का सम्मान किया गया। इस सम्मान के अवसर पर दुर्ग तहसील के अध्यक्ष कतलम, महासचिव दुर्ग तहसील के महासचिव डीएस धुर्वे, सदस्य महावीर ठाकुर एवं पूर्व मुड़ादार हरिशंकर ठाकुर के सानिध्य में सम्मान समारोह एवं विदाई की गई। जिसमें पूर्व पंचों को पीला गमछा एवं एक श्रीफल देकर विदाई दी गई। साथ ही पांच गांव के मुड़ादार राजा हरिशंकर ठाकुर को भी पीला गमछा श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान पूरा विदाई दी गई। इस अवसर पर आदिवासी समाज के पांच गांव के पंच एवं सदस्य उपस्थित थे। जिसमें प्रमुख रूप से अमर सिंह ठाकुर, शीतल नेताम, विशंभर ठाकुर, शिव प्रसाद मंडावी, जामुन ठाकुर, संतोष कुमार नेताम, भारत लाल मंडावी, जितेश कुंजाम, अजय ठाकुर, रामदयाल ठाकुर, तोरण ठाकुर, जीवनलाल ठाकुर, खोरबाहरा ठाकुर, फेकूराम पडोटी, राजेंद्र कुमार ध्रुव, दामिनी नेताम, सरोज ठाकुर, वैदिक ठाकुर, मायावती मंडावी, प्रभु लाल नेताम, गणेश राम ठाकुर, गुलाब सिंह मरकाम आदि उपस्थित थे।

### सोसायटियों में डीएपी खाद नहीं मिलने से किसानों में नाराजगी

# डीएपी खाद की सप्लाई नहीं होने से किसानों की बढ़ी चिंता, कलेक्ट्रेट पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

**डीएपी खाद की अनुपलब्धता और खाद विक्रेताओं की मनमाफिक कीमत से आक्रोश**



छत्तीसगढ़ राज्य सहित दुर्ग जिला के किसान भी मानसून के समय पूर्व सक्रिय होने से खरीफ मौसम की खेती तैयारी में पूरी शिद्दत से लग गए हैं और बीज की व्यवस्था के साथ ही खाद भंडारण करने ऋणी कृषक कृषि समितियों में तथा गैर ऋणी कृषक खुले बाजार से उठाव कर रहे हैं। लेकिन धान उत्पादक किसानों की सबसे ज्यादा पसंद और उपयोग किए जाने वाली डीएपी खाद बिल्कुल ही उपलब्ध नहीं है जिससे किसान चिंतित और परेशान है।

डीएपी खाद की अनुपलब्धता और खाद विक्रेताओं की मनमाफिक कीमत किसानों से लूट की पीड़ा को लेकर सहकारिता प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रिवेंद्र यादव और जनपद पंचायत दुर्ग के उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधि व कृषक दुर्ग कलेक्टर से मिलकर खाद संकट के संबंध में चर्चा कर तत्काल निदान की मांग किए। छत्तीसगढ़ सरकार पूरे देश में इकलौता राज्य है जहां धान फसल का समर्थन मूल्य के साथ ही अंतर राशि मिलाकर कुल इकतीस सौ रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से प्रति एकड़ इक्कीस क्विंटल धान उपार्जित करती है और पिछले भूपेश सरकार द्वारा किसानों के लिए लागू की गई योजनाओं से निश्चित ही लाभान्वित हुए है और अन्य फसलों के बजाय धान की खेती में रुझान बढ़ा है। नई तकनीक से खेतीकर उत्पादन में इजाफा होने से सरकार के ऊपर धान की खरीदी का रिकॉर्ड साल दर साल टूटता ही जा रहा है जो सरकार के गले का फांस बनते जा रहा है।

डीएपी खाद के समस्याओं के निदान के मांग संबंधी ज्ञापन सौंपने वाले रिवेंद्र यादव ने कहा कि सरकार किसान हितैषी होने का खोखले दावा करती है। धन का कटोरा के नाम से जाने जाने वाले अन्नदाता के कई चुनावी वादे जुमले साबित हुए हैं इसी तरह सरकार धान उत्पादकों के लिए अति जरूरी खाद डीएपी के लिए स्पष्ट रूप से कोई योजना है और नहीं नीति है। कृषि मंत्री खाद को लेकर कुछ बोल रहे है मुख्यमंत्री सुशासन तिहार में कुछ बोल रहे है। कुल मिलाकर सरकार की मंशा कुछ और तो नहीं है आम किसान पिछले भूपेश सरकार और वर्तमान सरकार के कार्यों को तुलना करने लगे है और साय सरकार के प्रति धारणा, मोदी गारंटी, डबल इंजन सब फिसड्डी साबित होने लगा है। जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार कठपुतली सरकार है गांव, गरीब, किसान, बेरोजगार, मजदूर, महिलाओं की सुन ही नहीं रहा है। किसानों के जायज मांगों को लेकर सदैव आवाज उठाते रहेंगे। खाद बीज की समस्याओं के निराकरण नहीं होने की स्थिति में सड़क की लड़ाई पूरे दमखम के साथ लड़ा जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालो में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य प्यारी बाई निषाद, जनपद सदस्य लीलावती देशमुख, पूर्व सभापति रूपेश देशमुख आदि उपस्थित थे।

## मंदिर के बेहतर संचालन और नवनिर्माण पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

■ माँ महामाया मंदिर ट्रस्ट ने प्रस्तुत किया चैत्र नवरात्री के आय व्यय का व्योरा

माँ महामाया मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा रविवार को माह मई की बैठक का आयोजन मंदिर कार्यालय में संम्पन्न हुआ। उक्त बैठक में चैत्र नवरात्री के आयोजन संबंधी आय-व्यय का लेखा-जोखा अध्यक्ष नारायण वर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। चैत्र नवरात्री में ज्योत प्रज्वलन पश्चात शेष रकम 6 लाख 92 हजार 584 रुपए ट्रस्ट के खाते में जमा हैं इसके अलावा 161 टीन तेल जो बचा हुआ था उसमें से 18 टीन तेल को बेचकर रुपए 9780 की राशि मंदिर ट्रस्ट के खाते में जमा की गई। इन सब के अलावा भक्तों द्वारा माता को चढ़ाए गए आभूषणों को बैंक लॉकर में सुरक्षित जमा करवा दिया गया है। अध्यक्ष द्वारा उपस्थित समस्त ट्रष्टियों एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों के समक्ष आय-व्यय का व्योरा रखा एवं मंदिर संचालन हेतु सुझाव भी मांगा गया। वरिष्ठ नागरिक एवं ट्रस्टी महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि मंदिर के मुख्य द्वार को थोड़ा और बड़ा किया जाय ताकि भक्तों को असुविधा न हो, स्वप्निल उपाध्याय ने कहा की अब मंदिर के नवनिर्माण की भी आवश्यकता है। ट्रस्टी अशोक दीवान ने लोगों से अपील किया कि नगर के इस प्राचीन मंदिर के व्यवस्थापन के लिए लोग भी निःस्वार्थ अपनी सेवाएं दें। उन्होंने कहा कि पूर्व में जिनके द्वारा मंदिर का संचालन किया जा रहा था उनके पास मंदिर की राशि 75 लाख 37 हजार 346 रुपए है उसे भी शीघ्र ट्रष्ट के खाते में जमा कर दें ताकि मंदिर का उत्थान, संचालन और बेहतर तरीके से किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह प्राचीन मंदिर हमारे नगर की धरोहर है जिसे सहेजकर रखना हम सब की जिम्मेदारी है। इस बैठक में नारायण वर्मा, महेंद्र अग्रवाल, अशोक धर दीवान, विजय वर्मा, रामेश्वर सोनकर, स्वप्निल उपाध्याय, शत्रुघन प्रसाद शुक्ला, रोहित सिन्हा, मुरारीलाल साव, कोदूराम साहू, मनोज देवांगन, बलराम शुक्ला, मनोज वर्मा, अश्वनी देशलहरे, रामकुमार, नेतराम यादव, रामसिंह पाल, रामाधार शर्मा, चिंताराम धनकर आदि उपस्थित थे।

## सेलूद धान खरीदी केंद्र में युवा कर रहे पौधारोपण

**सेलूद।** आज से छः साल पहले धान खरीदी केन्द्र सेलूद में खबरनामा ग्रुप के तत्वावधान में अपने जन्मदिन पर पौधरोपण करने की शुरुआत की गई थी। धान खरीदी केन्द्र में एक भी पेड़ नहीं था किसान धान बेचने आते थे तो छाया में बैठने के लिए तरस रहे थे। इसी बात को ध्यान देते हुए ग्रुप के सदस्यों ने अपना उद्देश्य बनाया कि अब धान बेचने वाले किसानों को पेड़ का छाया मिलना चाहिए और उसी दिन से सभी अपने जान्मदिन पर पौध रोपण करने की शुरुआत हुई । आज छः साल बाद इस स्थान पर सैकड़ों पौधे पेड़ बनकर पुष्पित पलवित होकर फल प्रदान कर रहे हैं। 24 मई को झम्मन यदु ने अपने जन्म दिन पर पीपल की पौधे का रोपण किया।



## पाटन के मेडिकल व्यवसायियों ने बैठक में लिए अहम निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

■ पाटन, नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ते नशे की आदत व लत से परेशान

कुछ दिन पूर्व ही ड्रग इंस्पेक्टर एवं पुलिस के संयुक्त कार्रवाई में नगर के पुराना बस स्टैंड सिन्हा मेडिकल स्टोर्स में नशे के लिए उपयोग की जानी वाली दवाइयां बड़ी मात्रा में पाई गई थी। उसके बाद पाटन के मेडिकल व्यवसायियों ने बहुत ही लंबे समय के बाद एसोसिएशन के प्रमुख दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया जिसमें 22 मेडिकल संचालक उपस्थित हुए।

बैठक में किसी भी प्रकार की नशीली दवाई नहीं बेचने का निर्णय लिया गया क्योंकि नशा करने वाले मेडिकल दवाइयों के इस्तेमाल करने की सूचना मिलती रहती है। सभी ने एक स्वर निर्णय लिया कि इंजेक्शन में उपयोग आने वाले केवल डिस्पोवान सीरिज नहीं बेचा जाएगा, किसी अधिकृत मान्यता प्राप्त चिकित्सक को ही उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा नारकोटिकस, मेडिसिन, रजिस्टर्ड चिकित्सक के परामर्श एवं बिल सहित उपलब्ध करने का संकल्प लिया गया। किसी भी प्रकार के दवाई खरीदी बिल के माध्यम से ही करना होगा। सभी का बिल अनिवार्य रूप से रखना अनिवार्य किया गया। इसके अलावा सभी मेडिकल दुकान में अंदर एवं बाहर सीसी कैमरा अनिवार्य रूप से लगाने का निर्णय लिया गया।

### बिजनेस साइट

## शादी में खरीदी के लिए लोग पहुंच रहे ओम ज्वेलर्स



**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स के नए शो रूम का भव्य शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि तिमिरेन्दु शेखर सिंह एवं विशेष अतिथि निज सहायक मुख्यमंत्री तुलसी कौशिक, सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अल्का बाघमार, भाजपा दुर्ग जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, नगर निगम सभापति श्याम शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ दिल्ली संतोष साहू एवं गणमान्य नागरिक सराफा अध्यक्ष प्रकाश सांखला, ओम सोनी, अजय सोनी, धर्मेन्द्र सोनी, करतार सिंह अलरेजा, अधिवक्ता विजय शर्मा, अधिवक्ता नागेंद्र शर्मा, अध्यक्ष इंदिरा मार्केट मितेश पटेल, अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल अहिवारा विस नरोत्तम कुमार, अधिवक्ता रविशंकर मानिकपुरी, अनिल साहू, अजय दुबे आदि का गरिमामय उपस्थिति रहा। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## विष्णु मंदिर परिसर ओटेबंद में मुख्यमंत्री कन्या विवाह आज

**अंडा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है जो विष्णु धाम ओटेबंद में रखा गया है। विवाह 29 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर भोजराज नाग, अध्यक्षता विधायक विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला बालोद छग तारणि पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद छग चेमन देशमुख, विशेष अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही नीतिश मोंटी यादव, अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन, सभापति महिला एवं बालविकास विभाग जनपद पंचायत गुण्डरदेही हेमलता देशलहरा, सरपंच ग्राम पंचायत ओटेबंद जीवन लाल साहू, ग्राम पंचायत सरपंच सिरसिदा सरस्वती चंद्राकर, समस्त जनपद सदस्य जनपद पंचायत गुण्डरदेही, समस्त वार्ड पंच ग्राम पंचायत ओटेबंद एवं ग्राम पंचायत सिरसिदा, विवाह समारोह में नव वर वधु को आशीर्वाद प्रदान करने हेतु आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**मकान बेचना है**

928 स्क्वायर फ़ीट (86.30 SM) का टोटल एरिया ग्राउंड फ्लोर का हाउसिंग बोर्ड से स्वामित्व लिया गया मकान (ऊपर दूसरे का भी घर है) बेचना है। विश्वद्वीप स्कूल के पीछे, हाउसिंग बोर्ड कालोनी दुर्ग

खरीदार ही सम्पर्क करे
9691831767

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार तोरण लाल देवांगन पिता गणेश राम देवांगन उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम पाहंदा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) मोबाइल नंबर 6267690113 ने विक्रेता पवन भूतड़ा पिता नरसिंग दास भूतड़ा उम्र 44 वर्ष एवं नरसिंग दास भूतड़ा पिता मदन लाल भूतड़ा उम्र 69 वर्ष दोनों निवासी ए/1, महेश कॉलोनी पुलगांव चौक के पास, पुलगांव दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के हक व स्वामित्व की कास्तकारी भूमि जो कि ग्राम खजरी, प.ह.नं. 26, रा.नि.मं. दामगांव, तहसील धमधा जिला दुर्ग में स्थित है, जिसका खसरा नंबर 1896 रकबा 0.650 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 1897 रकबा रिकार्ड अनुसार 0.420 में से 0.120 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया गया है। क्रय विक्रय के एवज में पवन भूतड़ा को 1,00,000/- रूपये एवं नरसिंग भूतड़ा को 1,00,000/- रूपये का अग्रिम भुगतान बतौर बयाना दिनांक 17.03.2025 एवं 20.03.2025 को चेक के माध्यम से भुगतान किया जा चुका है। सौदा 11,00,000 /- रूपये प्रति एकड़ के हिसाब से तय हुआ है। उक्त लेन देन के संबंध में क्रेता एवं विक्रेतागण के मध्य साक्षियों की उपस्थिति में दिनांक 20.05.2025 को पृथक पृथक इकरारनामा 50-50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटराइज करते हुए निष्पादित किया जा चुका है। विक्रेतागण द्वारा विक्रय की जाने वाली ऊपर वर्णित भूमि का दिनांक 31.05. 2025 तक रजिस्ट्री किये जाने का इकरार किया गया है जिसे मेरे पक्षकार रजिस्ट्री करने के लिए तैयार है।

जानकारी मिली है कि विक्रेतागण द्वारा उक्त भूमि को अन्य व्यक्ति के पास विक्रय करने का सौदा करने का प्रयास कर रहे हैं अतः जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खजरी स्थित भूमि खसरा नंबर 1896 एवं 1897 के संबंध में कोई लेन देन या संव्यवहार न करें। यदि अन्य व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार की कोई लेन-देन या संव्यवहार किया जाता है तो वह अवैध एवं अमान्य होगा तथा उसके विरूद्ध मेरा पक्षकार सक्षम न्यायालय में कानूनी कार्यवाही करने एवं न्यायलयीन प्रक्रिया के माध्यम से रजिस्ट्री करवाने तत्पर होगा, जिसके समस्त हर्जे खर्चे की जिम्मेदार आप स्वयं की रहेगी।

सो सूचना जाने।

दुर्ग, छ.ग. दिनांक - 27.05.2025

भवदीय
डी.आर. देवांगन (अधिवक्ता)
निवास एवं कार्यालय :- ग्राम मानपुर, पो.चन्दखुरी
तह.व जिला दुर्ग (छ.ग.) मो. 9329578449

## कोटा स्टडी सर्किल की क्लास 10 वीं व 12वीं रिजल्ट्स में दबदबा



**भिलाई।** कोटा स्टडी शंकर राजस्थान से संबंधित और भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड एवं आइसो सर्टिफाइड कोचिंग संस्थान है एवं क्वालिटी एजुकेशन तथा अफोर्डेबल फीस के लिए जानी-मानी संस्था है। भिलाई में कोटा स्टडी सर्किल न्यू सिविक सेंटर तथा रायपुर में भाटिया कंपलेक्स राजकुमार कॉलेज के सामने संचालित हो रही है। जहां क्लास 9 वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए नीट तथा आईआईटी जेईई एवं अकादमिक कक्षाओं की तैयारी विषय विशेषज्ञ के द्वारा कराई जाती है। परिणामस्वरूप यहां के रिजल्ट्स देखने को मिलते हैं। कक्षा बारहवीं में विकास वर्मा 98%, आशुतोष साहू 97% नूर जहां बानो 96% अमित कुशवाहा 95% अमित मिश्रा 94%, केशव चंद्राकर 90% अदिति ठाकुर 88% आदि अनेक छात्रों जैसे की यश आदित्य शगुन श्रद्धा प्रणव ने कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान आते हुए उत्तीर्ण हुए हैं। इसी प्रकार कक्षा 10th में मौसमी झा 97% सेजल 96.7% निशा शर्मा 95% काजल वर्मा 93% भावेश 88% पजल 87% सत्यार्थ 86% अर्निंग 85% हिमानी 83.3% अभिनव 83% आदि छात्रों ने छत्तीसगढ़ी ही नहीं, अपने अभिभावकों तथा संस्था का नाम रोशन किया है। इसका सबसे बड़ा कारण यहां का डिसिप्लिन युक्त वातावरण शिक्षकों की अथक मेहनत छात्रों का गैजेट से दूरी, सोशल मीडिया से दूरी एवं दो से तीन बार सिलेबस पर रिवीजन अधिक डाउट क्लीयरिंग क्लासेस लाइब्रेरी स्टडी आदि को जाता है। कोटा स्टडी सर्किल के डायरेक्टर राजेश मित्तल ने सभी अभिभावक तथा विद्यार्थियों को लख-लख बधाइयां जो छात्र-छात्राएं कोटा स्टडी सर्किल की भिलाई एवं रायपुर शाखा में प्रवेश लेना चाहते हैं उनके लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। इच्छुक छात्राएं एवं अभिभावाक, न्यू सिविक सेंटर स्थित कोटा स्टडी सर्किल बिल्डिंग नंबर 150 तथा रायपुर में भाटिया कंपलेक्स राजकुमार कॉलेज के सामने बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बाजू में फर्स्ट फ्लोर पर संपर्क कर सकते हैं।




**आवश्यकता है**

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र को प्रसार कार्य हेतु दुर्ग-भिलाई शहर में 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 11,000

दिनांक - 27 मई से 30 मई 2025
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक

Resume Whatsapp करें
8370049468
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, आदर्श पेट्रोल पंप के सामने, कमला मेडिकल लाईन, सुपेला भिलाई

# नवतपा में बारिश का एहसास, नन्हें खिलाड़ियों से गुलजार हुआ स्टेडियम

## फुटबाल और बास्केट बाल मैच का पचासों बच्चे उठा रहे रोमांचक लुत्फ, पालक भी ले रहे मजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

इन दिनों नवतपा के दौर में बेमौसम बदली बारिश से शहर का मौसम खुशनुमा हो गया है। हर साल शाम को नवतपा की गर्म हवा की जगह सर्द माहौल ने खाली खाली दिखने वाले खेल मैदानों और स्टेडियम को भी गुलजार कर दिया है। गर्मी के दिनों में पचासों नन्हे खिलाड़ी बारिश में खेले जाने वाले फुटबाल गेम का लुत्फ उठा रहे हैं।

पिछले दस पंद्रह दिनों से बदली पानी के मौसम से शहरवासियों को गर्मी से राहत मिली है। नवतपा में सामान्यतया शाम को गर्म हवा चलती थी। लेकिन इन दिनों ठंडे मौसम स्टेडियम की भी





रौनक बढ़ा दी है। सेक्टर दो स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में बड़ी तदाद में फुटबाल और बास्केट बाल खेलते बच्चे बड़े के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कोच और पैरेंट्स बच्चों का उत्साह और खुशी देख खासे खुश हैं। दो भागों में बंटा पूरा स्टेडियम नन्हें खिलाड़ियों से गुलजार है। पचासों नन्हे मुन्ने खिलाड़ी अनुकूल मौसम का पूरा लुत्फ उठाते हुए बकायदा रंगबिरंगी जर्सी पहने हुए दो टीमों में बटकर फुटबाल मैच खेल रहे हैं। सब जूनियर टीम की तरह रोमांचक मैच के अनुभव से बच्चों का हौसला जूनियर और फिर बड़े होकर सीनियर मैच खेलने का है। फ्लड लाइट में मैच की प्रेक्टिश कर रहे नन्हे खिलाड़ियों की पासिंग, किक और सेंटर फारवर्ड डिफेंस सभी कुछ रोमांचक है। नजारा बिल्कुल आईपीएल की झलक की तरह है। बच्चों बताते हैं कि हल्की बारिश और ठंड मौसम का फायदा उठाते हुए फुटबाल मैच का अभ्यास करते हुए बिल्कुल बरसात के अभ्यास का एहसास हो रहा है। स्टेडियम के दूसरे हिस्से में यानी बास्केट स्टेडियम में भी बिल्कुल इसी तरह का नजारा है। यहां भी छोटे छोटे बच्चे फ्लड लाइट में बास्केट बाल गेम का रोमांचक अभ्यास कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### बीएसपी से सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का सम्मान समारोह आज

**भिलाई।** ओए-बीएसपी द्वारा मई माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों के सम्मान समारोह का आयोजन बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा मई माह में सेवानिवृत्त होने वाले भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों का सम्मान समारोह दिनांक गुरुवार को शाम 7 बजे प्रगति भवन, सिविक सेंटर में आयोजित है। वर्ष 2025 में कुल 154 अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस माह कुल 21 सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों के सम्मान किया जाएगा। महासचिव परविंदर सिंह ने बताया कि शेष सेवानिवृत्तों का सम्मान अप्रेल में किया जा चुका है। सम्मानित होने वाले अधिकारियों में शामिल हैं- अनिल कुमार जोशी, सीजीएम निशा सोनी, सीजीएम एसपी मंडावी, जीएम डॉ. शाईला जैकब, एडिशनल सीएमओ मेडिकल एस बलराज, जीएम जॉनी कुट्टी टी, जीएम सुंदर मोहन सरदार, जीएम अंजन चटर्जी, डीजीएम डॉ. निरंजन साहू, डिप्टी सीएमओ जयश्री मोहंती, सीनियर डिप्टी सीएमओ अनिल कुमार सिंह, एजीएम युगल किशोर ढोके, एजीएम रामअवतार मारकंडे, एजीएम शादाब आलम खान, सीनियर मैनेजर डॉ. गणेश के मंतापुरवर, स्पेशलिस्ट गीता पिल्लई, सीनियर मैनेजर कामता सिंह आदि हैं।

### हरितिमा के साथ प्लांट के अंदर होता है ठंडा-ठंडा कूल-कूल माहौल

# धमन भट्ठियों के ताप के बीच गर्मी के मौसम में भी कम नहीं होता हौसला

## बीएसपी में मेहनतकश कार्मिकों को मिल रही है पर्यावरणीय माहौल और संतुलित खाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में फौलाद ढालने वाली धमनभट्ठियां के साथ भीषण गर्मी के मौसम उत्पादन करने वाले कर्मचारियों के लिए किसी परीक्षा से कम नहीं होता। उच्च गुणवत्ता का इस्पात उत्पादन का कार्य केवल मशीनों से नहीं, बल्कि समर्पित मेहनतकश कर्मवीरों और उनको राहत देने वाली व्यवस्थाओं के सहयोग से निरंतर संभव हो पाता है।

- कर्मियों को मिलते है डेनिम जैकेट, नींबू और संतुलित भोजन

बीएसपी में कर्मचारी गर्मी में निर्बाध रुप से काम कर सकें इसके लिए कार्यस्थलों पर बनाए गए विश्राम कक्ष, उच्च क्षमता के ब्लोअर, छायायुक्त शेड और जगह–जगह रखे गए ठंडे पानी के मटके कर्मचारियों को राहत प्रदान करते हैं। क्रेन के वातानुकूलित केबिन, एसएमएस–3 में डेनिम जैकेट और ब्लास्ट फर्नेस में फेस शील्ड जैसी व्यवस्थाएं हैं।

कर्मियों केनियमित स्वास्थ्य परीक्षण, कैंटीन में संतुलित भोजन शरीर के तापमान में नियंत्रित करने वाले प्याज मिश्रित सलाद और शीतल पेयजल की उपलब्धता कोक ओवन विभाग में नींबू पानी या भीगे हुए गमछों की सुविधा आदि पारंपरिक उपायों से फौलादियों को उत्पादन कार्य में सुविधा और राहत होती मिलती है। यही वजह है कि कर्मचारी इस तपते मौसम में भी आम दिनों की तरह रिकार्ड उत्पादन करने में सफल हो रहे हैं।





### पर्यावरण उपायों से उत्पादन में मदद

बीएसपी ने उत्पादन निष्पादन और रहवास के लिए पर्यावरणीय उपायों ने भी संयंत्र की तापनियंत्रण नीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संयंत्र परिसर के 30 किलोमीटर क्षेत्र में फैले हरित आच्छादन, चाहे वह विभागों के समीप लगे वृक्ष हों, संपर्क मार्गों पर बनी हरियाली हो या ओएचपी और रोज गार्डन जैसे उद्यान, न केवल सौंदर्यवर्धन करते हैं और तापमान को भी नियंत्रित करते हैं। प्लांट और टाउनशिप में कलर, फव्वारे और छोटे जलस्रोत कार्यस्थलों को ठंडा और सुकूनजदा बनाए रखते हैं।

### कर्मियों का मनोबल रहता है ऊंचा

भिलाई इस्पात संयंत्र में प्रबंधन की हौसला देने वाली इस कार्य संस्कृति से विपरीत मौसम और चुनौति के दौरान भी कर्मियों, अधिकारियों का मनोबल सदैव ऊंचा रहता है। कार्यपालक अधिकारी हों, कार्मिक हो, संविदा कर्मचारी या प्रशिक्षु, हर स्तर के कर्मियों में कर्तव्यपरायणता और देशसेवा का भाव समाहित है। यही वजह है कि भिलाई इस्पात संयंत्र सभी क्षेत्रों में सेल में अगुवा होने की भूमिका निभा रहा है।



## निर्यात कर के मुद्दे पर सीएम से करेंगे चर्चा, निकलेगा सार्थक हलः देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने बुधवार को होटल आशीष में उद्योगों के विकास विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम में औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के अलावा निर्यात कर मुद्दा उद्योगपतियों ने जोर-शोर से उठाया। उद्योग मंत्री ने उद्योगपतियों को आश्वस्त किया कि जल्द ही वे इस विषय पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर चर्चा करेंगे। इस कर को समाप्त कराने का प्रयास करेंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता के साथ अन्य उद्योगपतियों ने उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। उमेश चितलांग्या, एएन सिंह सहित अन्य उद्योगपतियों ने औद्योगिक क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का जिक्र करते हुए उद्योग मंत्री के सामने यहां की परेशानियां रखीं। सड़क, नाली, पानी एवं प्रकाश व्यवस्था को लेकर उद्योगपतियों ने अपनी अपनी बात रखी और इन समस्याओं के जल्द से जल्द निराकरण की मांग की। दासगुप्ता ने भिलाई नगर निगम द्वारा उद्योगपतियों को भेजे गए निर्यात कर के नोटिस का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उद्योगों की स्थिति अच्छी नहीं है, ऐसे में निर्यात कर का बोझ डालकर निगम प्रशासन हमें और परेशान कर रहा है।

- बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्री एसोसिएशन ने किया उद्योगों के विकास विषय पर कार्यक्रम

मंत्री ने कहा कि वे कोरबा निगम के महापौर रह चुके हैं। वहां इस तरह का कोई निर्यात कर नहीं है। जहां तक उनकी जानकारी है, प्रदेश में किसी भी निगम द्वारा इस तरह का कर नहीं लगाया गया है। कार्यक्रम में श्याम अग्रवाल, सुरेश चावड़ा, प्रितपाल सिंह, शशि भूषण, चरणजीत सिंह गिल, सचिव वरुण घोष, अशोक जैन, रवि शंकर मिश्रा, अवि सहगल, सुरेश बोपचे, अरनव झाम आदि मौजूद थे।

## डॉ. खूबचंद बघेल कॉलेज का 10 लाख से होगा रिनोवेशन, विधायक ने अपनी निधि से की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

डॉ. खूबचंद बघेल जनभागीदारी समिति की बैठक आहुत की गई। बैठक में अध्यक्ष शशिकान्त बघेल ने महाविद्यालय की समस्याओं को निराकरण किया। इस अवसर पर अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा शामिल हुए। इस अवसर पर अतिथियों को प्राचार्य डॉ. अश्विनी महाजन ने सम्मानित किया। कोर्सेवाड़ा ने अपनी उदारता का परिचय देते हुए विद्यार्थियों के पढ़ाई के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। 10 लाख रुपए की राशि विज्ञान संकाय को प्रयोगशाला के लिए देने की घोषणा की। इसके साथ ही तत्काल 25000 रुपए सहयोग राशि महाविद्यालय को प्रदान की। जनभागीदारी अध्यक्ष ने महाविद्यालय के विकास हेतु हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। प्राचार्य द्वारा अध्यक्ष के समक्ष जिन समस्याओं को रखा गया, उन समस्याओं का तत्काल निराकरण करने का भरोसा दिलाया गया। बैठक में सदस्य वरुण यादव, तेजस पाल, श्यामसुन्दर जायसवाल, राजेश मौर्या, धिरेन्द्र कुमार प्रसाद, वीरेन्द्र गढ़ेवाल, संजय ठाकुर, गोपाल मेहता, संजू एउलकर, लेख राम साहू आदि उपस्थित थे।

## क्रूड स्टील उत्पादन व प्राफिट आफ टैक्स में फिर पिछड़ा सेल

**भिलाई।** स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड सेल वर्ष 2024-25 में फिर क्रूड स्टील उत्पादन और प्राफिट आफ टैक्स में पिछड़ गया है। इसका असर कर्मियों व अधिकारियों की वित्तीय सुविधाओं पर पड़ सकता है। सेल कारपोरेट आफिस ने तुलनात्मक उत्पादन रिपोर्ट जारी कर दी है। इसके अनुसार क्रूड स्टील प्रोडक्शन 2023-24 में 19.24 मिलियन टन और 2024-25 में 19.17 मिलियन टन हुआ। सेल्स वाल्यूम 2023-24 में 17.02 एमटी व 2024-25 में 17.89 एमटी हुआ। रेवेन्यू फ्राम आपरेशन- 1 लाख 5 हजार 375 करोड़ 2023-24 में है। जबकि वर्ष 2024-25 में 1 लाख 2 हजार 478 करोड़ हुआ। अर्निंग बिफोर इंट्रेस्ट, टैक्स, डेप्रीसिएशन एंड अमांर्टाइजेशन वर्ष 2023-24 में 12 हजार 280 करोड़ और 024-25 में 11 हजार 764 करोड़ रहा। प्राफिट बिफोर एक्सपेक्टेशनल आयटम एंड टैक्स वर्ष 2023-24 में 4 हजार 529 करोड़ और 024-25 में 3 हजार 321 करोड़ रहा। जबकि एक्सपेक्टेशनल आयटम 841 करोड़ 2023-24 में हुआ। वहीं 2024-25 में यह 313 करोड़ हुआ। प्राफिट बिफोर टैक्स वर्ष 023-24 में 3 हजार 688 करोड़ रहा। 024-25 में 3 हजार 9 करोड़ है। सेल का प्राफिट आफ्टर टैक्स 023-24 में 2 हजार 733 करोड़ व 024-25 में 2 हजार 148 करोड़े रहा।

- वर्ष 2024-25 की सेल ने जारी की तुलनात्मक रिपोर्ट

## महीनेभर से बिगड़ा पड़ा बोरिंग निगम ने किया रिपेयर, ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



**हरिभूमि की खबर का असर**

घड़ी चौक सुपेला के हनुमान मंदिर परिसर के पिछले कई दिनों से बिगड़े पड़े बोरिंग में पानी आ जाने से श्रद्धालुओं और आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली है। इस हैंडपंप के खराब होने से लोगों के इस गर्मी के मौसम में भारी परेशानी हो रही थी। नगर निगम भिलाई द्वारा सक्रियता से पंप को रिपेयर करने के बाद अब यहां के लोगों को पानी की किल्लत से मदद मिल गई है। गौरतलब हो कि फोरलेन के किनारे कमला मेडिकल के सामने हनुमान मंदिर परिसर में हैंडपंप पिछले करीब महीनेभर से बिगड़ा पड़ा था। इससे गर्मी के मौसम में क्षेत्रवासियों को निस्तारी पानी के लिए परेशानी हो रही थी। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और धार्मिक आयोजनों के दौरान मंदिर कमेटी व सुपेला मार्केट के व्यवसायियों और कर्मियों को भी असुविधा हो रही थी। इस दौरान मंदिर के पुरारी व लोगों द्वारा कई बार नगर निगम कर्मियों से हैंडपंप रिपेयर करने की गुहार के बाद भी ध्यान नही दिया जा रहा था। इस संबंध में हरिभूमि ने महीनेभर से बिगड़ा पड़े हैंडपंप शीर्षक से खबर प्रकाशित कर निगम अधिकारियों का ध्यानाकर्षण किया था। इसके बाद निगम के आयुक्त राजीव पांडे ने तत्काल कर्मियों को भेजकर हैंडपंप को रिपेयर करवाया और इसमें पानी आना भी शुरु हो गया। इससे मंदिर के श्रद्धालुओं व व्यवसायियों को राहत मिली है। हनुमान मंदिर के पुजारी पं. शिव गणेश दुबे ने निगम के आयुक्त के प्रति आभारजताया है।

## नन्हें कलाकारों ने दी रविंद्र सुधा की मोहक प्रस्तुति




**भिलाई।** गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित रविंद्र सुधा कार्यक्रम संपन्न हुआ। ही मनमोहक था। रवींद्रनाथ टैगोर के स्वरबद्ध किए गए बच्चों के गीतों को उनके स्वरलिपि के अनुसार ही ही मोहक प्रस्तुति को दशकों ने सराहा। रविन्द्र नृत्य की भी आकर्षक प्रस्तुति युवाओं द्वारा की गई। नाटक डाकघर की भी मंचन तीन पीढ़ी के कलाकारों द्वारा किया गया। छः ऋतुओं ग्रीष्म, बरखा,शरद, हेमंत,शीत, बसंत के गीतों का समूह गान किया गया और गायिकाएं छः ऋतुओं के रंगों की साड़ियां पहन कर मंच पर रंग बिखेर रही थी। बच्चों द्वारा का रविंद्र संगीत भी दर्शनीय था । कार्यक्रम का निर्देशन विश्वजीत सरकार व संचयिता राय द्वारा किया गया । नाट्य निर्देशन मोऊ राय नृत्य निर्देशन अमृता सान्याल ने किया। संगीत पक्ष में श्री सांई चक्रवर्ती ( सिंथेसाइजर), रणदीप बैनर्जी ( तबला) थे। कार्यक्रम का संचालन मोऊ राय, सुचिता मुखर्जी और चैती पाल ने किया।

- गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती पर हुआ कार्यक्रम

विशिष्ट अतिथि बीएसपी के सेवानिवृत्त अनिर्बान दासगुप्ता तृपर्णा दासगुप्ता, पूर्व ईडी मानस विश्वास तापस दासगुप्ता, सीजीएम दिव्यांदु लाल मोइत्रा व वरिष्ठ कलाकार शक्तिपद चक्रवर्ती, दीपेंद्र हालदार मुमताज,बबलू विश्वास, मिथुन दास आदि उपस्थित थे।

### मरीज की गंगाजल पीने की इच्छा पूरी करने भिलाई में सफल हुआ रिस्की ऑपरेशन

# 95 साल के बुजुर्ग को आहार नली का था कैंसर, थूक निगलना भी था मुश्किल, ऑपरेशन से मिली नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

आहार नली में कैंसर का ऑपरेशन अब भिलाई में भी संभव हो गया है। स्पर्श हॉस्पिटल भिलाई के डॉक्टरों ने यह कर दिखाया है। 95 वर्षीय सुखनंदन लाल की इस समस्या का ऑपरेशन के जरिए निराकरण किया गया है। मरीज जब अस्पताल में भर्ती हुए थे तो ना भोजन निगल सकते थे और न ही पानी गले के नीचे उतरता था। मुंह का थूक निगलना भी मुश्किल था। सुखनंदन की हालत और उम्र देखकर डॉक्टरों ने उन्हें घर में रहकर परिवार के साथ अच्छे दिन बिताने का सुझाव दिया। सुखनंदन ने डॉक्टरों का सुझाव कुबूल कर लिया, लेकिन उन्हें अपनी इच्छा भी बता दी। सुखनंदन अपने प्राण त्यागने से पहले गंगाजल ग्रहण करना चाहते थे। आहार नली के कैंसर के चलते ऐसा करना मुश्किल था, लेकिन गैस्ट्रोएंटोलॉजिस्ट डॉ. अर्पण जैन और उनकी टीम ने इस इच्छा को पूरी कराने की ठान ली। डॉक्टरों की टीम ने काफी रिसर्च के बाद सुखनंदन का ऑपरेशन करने की रणनीति बनाई और आहार नली में जिस जगह पर कैंसर था, वहां 14 सेंटीमीटर का स्टंट डालकर आहार नली के मुंह को चौड़ा कर दिया। भिलाई आने से पहले यह बुजुर्ग अन्य अस्पतालों के डॉक्टरों से परामर्श के लिए पहुंचे थे, लेकिन सभी ने उनकी उम्र और बिगड़ी हुई तबीयत को देखकर मामले में हाथ डालने से इनकार कर दिया।

### ऐनेसथिसिया सबसे बड़ी चुनौती

करीब 20 मिनट चले इस ऑपरेशन की सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि 95 साल की उम्र में मरीज को एनेसथिसिया से बेहोश करना बेहद मुश्किल था। इसमें थोड़ी सी भी ऊंचनींच से बुजुर्ग कोमा में चले जाते या उनकी जान भी जा सकती थी। ऐसे में क्रिटिकल केयर यूनिट के विशेषज्ञ डॉ. संजय गोयल ने मोर्चा संभाला और अपने अनुभव से एनेसथिया के लिए प्रक्रिया पूरी की। आखिरकार ऑपरेशन सफल रहा। जिसकी बदौलत सुखनंदन ने न सिर्फ गंगाजल पिया, बल्कि अब वे खाना-पानी भी ग्रहण करने के लायक हो गए हैं। अपने मरीज के इमोशन को तरजीह देते हुए किए गए इस ऑपरेशन के बाद सुखनंदन अपने परिवार के साथ आखिरी का बचा समय खाते-पीते, हस्ते मुस्कुराते बिता रहे हैं।




### युवाओं में भी आहार नली का कैंसर बढ़ा

डॉ. अर्पण का कहना है कि वर्तमान युवा जंक फूड, सिगरेट और शराब का बहुत अधिक सेवन कर रहा है। जिससे आहार नली और आतों के कैंसर की समस्या बढ़ गई है। गैस्ट्रोएंटोलॉजिस्ट के पास आने वाले मामलों में युवाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। इस सर्जरी में भले ही मरीज की आयु 95 साल रही हो, लेकिन शुरुआत में ही इसे पहचान लिया जाए तो बीमारी को बहुत हद तक कम किया जा सकता है। डॉक्टर के मुताबिक, आहार नली से जुड़ी बीमारियों में मरीज को सबसे पहले कुछ भी निगलने में समस्या होने लगती है। खाना खाने के बाद उल्टी होना और पानी या थूंक निगलने में भी दर्द का अहसास होता है। यह सामान्य लक्षण नहीं है। इस तरह की किसी भी समस्या के लिए जल्द से जल्द डॉक्टर को दिखाने की जरूरत होती है। डॉक्टर्स एंडोस्कोपी के माध्यम से समस्या का पता लगा सकते हैं। इससे समय पर इलाज शुरू कर मरीज को कैंसर तक पहुंचने या बढ़ते कैंसर को काबू करने में मदद मिल सकती है।

### डॉक्टरों की सलाह बिना परामर्श गैस की दवा न खाएं

डॉ. अर्पण ने बताया कि हर तीसरा आदमी जंक फूड और अनियमित दिनचर्या की वजह से गैस की समस्या से परेशान है। बाजार में बिकने वाली गैस की दवाइयों के अधिक इस्तेमाल से अब कम उम्र में ही किडनी, लीवर और आंतों से जुड़ी बीमारियों में तेजी आई है। हाल ही की रिसर्च में पाया गया है कि, युवाओं में एसिड रिफलेक्ट होने की समस्या तेजी से बढ़ी है। इस समस्या में खाना खाने के बाद वह वापस मुंह की तरफ लौटने लगता है। इसे लोग आमतौर पर उल्टी कह देते हैं, लेकिन बीमारी कुछ और भी हो सकती है। यह बीमारी जीआरडी का संकेत हो सकता है। शुरू में हल्की उल्टी, मतली के बाद गले और आहार नली में चोकिंग की समस्या होने का खतरा बढ़ जाता है।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 29 मई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04



ताईपे की शान

## लाइव इवेंट

### देश को विकसित भारत बनाने एक राष्ट्र एक चुनाव समय की मांग: शिव रतन शर्मा



**भिलाई।** कला मंदिर सिविक सेंटर में एक देश एक चुनाव पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव रतन शर्मा, सांसद विजय बघेल, दुर्ग महापौर अलका बाघमार, ग्रामीम विधायक ललित चंद्राकर, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए। शर्मा ने कहा कि बार बार चुनाव देश के विकास में तो बाधक होते ही हैं, साथ ही देश की अर्थ व्यवस्था को भी कमजोर करते हैं। एक देश एक चुनाव से लगभग 5 लाख करोड़ का व्यय बचाया जा सकता है, जो जीडीपी बढ़ाने में सहायक होगा। विजय बघेल ने कहा कि एक चुनाव लोकतंत्र को मजबूत करेगा, बार बार चुनाव से शासकीय कर्मचारियों के अनुपस्थिति की वजह से शासकीय कार्य मे निरंतरता नही रहती। कार्यक्रम चेंबर ऑफ कामर्स और एमएसएमई उद्योग केंद्र के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ, सिंधी समाज सहित अन्य सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि शामिल हुए। मुख्य रूप से अजय भसीन, प्रमोद सिंह, अरविंदर खुराना, प्रभंजय चतुर्वेदी, उषा बारले, दया सिंह, सीए श्रीचंद लेखवानी, जेपी गुप्ता,नरसिंग कुकरेजा आदि मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### लोक कलाकार अभन सेन ने किया हरीश साहू का सम्मान, सिखा रहे पारंपरिक नृत्य-संगीत



**भिलाई।** लोक कलाकार अभन सेन ने कला के क्षेत्र में हरि मानस परिवार उरला के संचालक लोक गायक केशव साहू, कथा वाचक हरीश साहू, भजन गायिका बिंदिया साहू का सम्मान किया। 80 के दशक में रेडियो का जमाना था, उस समय हर घर में रेडियो देखने व सुनने के लिए मिलता था। उस समय के पुराने कलाकार, अभिनेता, संगीतकार, लेखक व प्रसिद्ध गायक रेडियो और दूरदर्शन कलाकार अभन सेन ने लगभग 45 साल से कला के क्षेत्र में सेवा दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पंजीकृत संस्था लोक रंजनी लोक कला विद्यालय वार्ड 6 मोहभट्ठा बेमेतरा में प्रशिक्षण दे रहे हैं। अभय सेन लोगो को बैंजो, हारमोनियम, तबला, बासूरी, आर्गन, पैड, निशान, दफरा, लोक गायन, नृत्य, अभिनय, व्याख्यान का प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसमें सैकड़ों कलाकार इनका लाभ ले रहे हैं। अभन सेन संगीत विश्वविद्यालय से भी सम्मानित हो चुके हैं। 80 के दशक में लोग लोकगीत रेडियो में सुनने के लिए एक जुट होते थे। प्रसिद्ध गीत धान बिना ठक ले, सना नना मारे बाण, सोने के मचुलिया में बैठे राजा दशरथ जैसे पारंपरिक गीत प्रसिद्ध है। अभन सेन ने कहा कि अभी के गीत परिवार के साथ नही सुन सकते।

## सिटी इवेंट

### अनिल मेश्राम दलित, पिछड़ा और आदिवासी मोर्चा के सचिव बने



**भिलाई।** अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं आदिवासी संयुक्त मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में अनिल मेश्राम को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। आंबेडकर आंदोलन में डेढ़ दशक से अधिक समय तक उनकी सक्रिय भागीदारी और अनुभव को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। नियुक्ति आदेश महासचिव निशा बराक ने जारी किया है। उनकी नियुक्ति तीन वर्ष के लिए की गई है। संगठन की नीतियों और कार्यक्रमों का निर्धारण और क्रियान्वयन के लिए यह नियुक्ति की गई है। इसके अलावा विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों में संगठन की शाखाओं के साथ समन्वय, सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों के लिए जागरूकता अभियानों का संचालन करेंगे।

### बुद्ध विहार हुडको में 31 मई को स्वास्थ्य शिविर

**दुर्ग।** बुद्ध विहार भवन गणेश मंदिर के पीछे मिलन चौक हुडको में 31 मई को स्वास्थ्य शिविर आयोजित है। शिविर पूरी तरह निशुल्क है, जिसमें नैनपुर बालाघाट के प्रसिद्ध वैद्य रघुनाथ साहू स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। शिविर में लकवा, साइटिका, जोड़ों का दर्द, पथरी, अल्सर, टीबी, हर्निया, बच्चेदानी की गांठ, दमा, पाइल्स जैसे अनेक जटिल बीमारियों का इलाज देसी प्राकृतिक एवं आयुर्वेद चिकित्सा द्वारा किया जाएगा। शिविर में इलाज के लिए पंजीयन कराना आवश्यक है। शिविर का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे निर्धारित है। शिविर में इलाज के लिए आने वालों को ढीले कपड़े पहनकर एवं अपनी पानी की बोतल साथ लेकर आने कहा गया है।

---

**स्काउट-गाइड और रोवर-रेंजर को नागरिक सुरक्षा से जुड़े विषयों को लेकर दिया गया प्रशिक्षण**

# 400 से ज्यादा कैडेट्स ने सीखा प्राकृतिक आपदा से निपटने का तरीका, सर्पदंश, डॉगबाइट, भूकंप, बाढ़, आगजनी जैसे मुश्किल हालात में सुरक्षा उपायों को जाना

बीआईटी में एक दिवसीय सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी घटना के समय सुरक्षा उपायों से जुड़ी जानकारी दी गई। 400 प्रतिभागियों ने बाढ़ से बचने और प्राथमिक उपचार करने के तरीके सीखे। कार्यक्रम का उद्देश्य आपात्कालीन परिस्थितियों, प्राकृतिक आपदाओं और अग्निकांड जैसी घटनाओं में नागरिकों की तत्परता व जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने सिविल डिफेंस की भूमिका, प्राथमिक उपचार, अग्नि सुरक्षा उपाय, नागरिक सुरक्षा, हवाई हमलों के समय की जाने वाली कार्यवाही, ब्लैकआउट की प्रक्रिया, अग्निशमन के तरीके, प्राथमिक उपचार तथा बाढ़ जैसी आपदाओं में राहत एवं बचाव संबंधी जानकारी दी।




**दुर्ग।** प्रशिक्षण के दौरान मॉक ड्रिल भी किया गया, जिसमें आपात स्थिति से निपटने के तरीके बताए गए। त्वरित प्रतिक्रिया देने के अभ्यास कराए गए। प्रतिभागियों को बताया गया कि किस प्रकार सामान्य नागरिक भी आपातकाल में सुरक्षा बलों का सहयोग कर सकते हैं।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने वर्तमान समय में नागरिकों की भूमिका, आपदाओं के प्रति हमारी तैयारियों, अनुशासन और सिविल डिफेंस की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को आपात स्थिति में सहयोगी की भूमिप्रकार के प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल तकनीकी रूप से बल्कि सामाजिक रूप से भी सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं।कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड, नेहरू युवा केंद्र, भूतपूर्व सैनिकों सहित आम नागरिकों को सक्रिय भागीदारी रही। कुल मिलाकर लगभग 400 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण के मुख्य वक्ता जिला सेनानी होमगार्ड नागेन्द्र कुमार सिंह, एनडीआरएफ प्रशिक्षक शेखर बोरवणकर (सेवानिवृत्त डिविजनल कमांडेंट, होमगार्ड) एवं रामचन्द्र साहू (सेवानिवृत्त स्टाफ ऑफिसर, भिलाई स्टील प्लांट) रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों को व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक दोनों स्तर पर आपदा प्रबंधन की जानकारी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बिरेन्द्र सिंह, संभागीय सेनानी नगर सेना रायपुर अनिमा कुजूर, ग्रुप कैप्टन प्रवीण दाबोले, जिला सेनानी होमगार्ड श्री नागेन्द्र कुमार सिंह, उपस्थित थे।

### सिविल डिफेंस वालंटियर्स को नियमित दिया जाएगा प्रशिक्षण

इस अवसर पर बताया गया कि सिविल डिफेंस वालंटियर्स की नियुक्ति अब नियमित रूप से की जाएगी। प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए। इसके साथ ही प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जाए। प्रथम सत्र में 400 से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षण दिया गया है। ऑनलाइन पंजीयन के आधार पर रूचि दिखाने वालों को यह प्रशिक्षण दिया गया है। आगामी दिनों में उनकी सेवाएं ली जाएगी। जिला प्रशासन दुर्ग द्वारा कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना, नागरिक सुरक्षा अग्नि शमन एवं आपातकालीन सेवा के सौजन्य तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सपन्न हुआ। इस अवसर पर राज्य उपाध्यक्ष सुनीता संजय बोहरा, जिलाध्यक्ष अशोक देशमुख, जिला मुख्य आयुक्त जीत यादव, डीईओ अरविंद मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

### आपात स्थिति में बजाए जाने वाले सायरन की भी दी जानकारी

इस अवसर पर सभी वर्गों के लोगों को आगे आने प्रेरित कर प्रशिक्षण की सफलता हेतु शुभकामनाएं दी गई। इस प्रशिक्षण के मुख्य प्रशिक्षक जिला कमान्डेन्ट व जिला अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह ने तत्कालीन युद्ध आपरेशन सिंदूर एवं आपातकालीन स्थितियों, हवाई हमलों के समय सायरन तथा ब्लैक आउट, एयर रेड सिग्नल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आपात स्थितियों जैसे सर्पदंश, डागबाइट, भूकंप, बाढ़, आगजनी, दुर्घटना इत्यादि के समय पीड़ितों के जान एवं माल की सुरक्षा, रेस्क्यू का प्रशिक्षण एनडीआरएफ की टीम के सहयोग से वीडियो डिसप्ले के अलावा लाइव डेमोन्सट्रेशन के साथ दिया गया। इस अवसर पर जिला संघ दुर्ग के जिलासचिव आनंद राम बघेल, आयुक्त स्काउट नीरज साहू, बालकदास रावत, देवेन्द्र देवांगन, स्काउटर भुनेश्वर प्रसाद जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।





---

# अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन में विदेशों से आए युवा भी हुए शामिल



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विदेशों से भी युवा परिचय देने के लिए पहुंचे। संगठन के निवृत्त मान अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन का दो दिवसीय ऑनलाइन युवक युवती परिचय सम्मेलन रायपुर के एंट्री प्वाइंट होटल में संपन्न हुआ।

कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, धर्म जागरण प्रमुख राजेंद्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने महाराज अग्रसेन की प्रतिमा की समक्ष दीप प्रज्वलन एवं आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम संयोजिका शोभा केडिया, संजय गर्ग एवं पंकज कृतिका ने बताया कि लगभग 2000 युवक एवं युवतियों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिसमें छत्तीसगढ़ सहित देश के अलग-अलग हिस्सों और विदेशों से युवक एवं युवती शामिल हुए। संरक्षक महेंद्र सक्सेरिया एवं जयदेव सिंघल ने बताया कि इस तरह के आयोजन से युवक एवं युवतियों को अपना मनपसंद जीवनसाथी चुनने का सुनहरा अवसर मिलता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक मोदी, सुनील रामदास अग्रवाल, सुरेश मंगल, जगदीश अग्रवाल, गंगा अग्रवाल, हेमलता मित्तल, आशा पिलानिया, गोपाल सुल्तानिया, अजय खेतान सहित अन्य मौजूद थे।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आज होगा समापन

**भिलाई।** 21 दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का 29 मई को समापन होगा। खेल युवा कल्याण द्वारा आयोजित जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का निशुल्क आयोजित रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में 9 मई से प्रांरभ किया गया था। इसका समापन 29 मई को किया जा रहा है। इसमें सबजूनियर, जूनियर वर्ग के बालक, बालिकाएं ने भाग लिया। शिविर प्रतिदिन सुबह 5.30 बजे से 7.30 बजे और शाम सूर्यास्त होने के पूर्व तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के लिए विभाग द्वारा निःशुल्क खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई। साथ ही प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को मूलभूत कौशल एवं खेल से संबंधित जानकारियां दी गई। फुटबॉल में खिलाड़ियों को पुष्पक रिसीविंग और रिसीविंग पासिंग एवं लॉन्ग पास का कौशल सिखाया गया। साथ ही हॉकी, व्हालीबॉल, खो-खो, कबड्डी, बेसबॉल, साइकिल पोलो, साइक्लिंग, भारोत्तोलन, कुश्ती, बास्केटबॉल, नेटबॉल, मार्शल आर्ट का भी प्रशिक्षण दिया गया।



---

**कश्मीर से कन्याकुमारी तक निकाली जा रही यात्रा, छत्तीसगढ़ के अलग-अलग शहरों में पहुंच रही**

# 114 यादवों की शहादत पर निकाली कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत, 18 नवंबर को दिल्ली में होगा समापन, सेना में अहीर रेजिमेंट की मांग

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** यादव समाज ने सेना में अहीर रेजिमेंट गठन की मांग की है। इसे लेकर विशाल कलश यात्रा कश्मीर से कन्याकुमारी भ्रमण के लिए अप्रैल माह में रवाना हुई। यह कलश यात्रा 18 नवंबर 1962 को शहीद हुए 114 शहीदों की शहादत के याद में निकाली जा रही है। 12 अप्रैल को छपरा से इसकी शुरुआत हुई। इसमें महिलाएं 18 नवंबर 1962 को चीन युद्ध के दौरान शहीद हुए जवानों के शहादत स्थल से लाई गई मिट्टी को कलश में लेकर यात्रा निकाल रही हैं। इसमें समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी पूरे समय साथ चलेंगे। इसके अलावा राज्यों की सीमाओं तक महिलाएं पैदल कलश लेकर चल रही हैं। अपने तरह के इस अनोखे आयोजन का दुर्ग-भिलाई के यादव समाज ने भी स्वागत किया। गहिरा गुरु राजेश यादव ने बताया कि भारत देश की सेवा करते हुए 18 नवंबर 1962 रेजांगला युद्ध में 3 हजार चीनियों का इन योद्धाओं ने मुकाबला किया था। इसमें 114 जवान शहीद हो गए थे। हिमपात का समय होने की वजह से ये जवान बर्फ का चादरों में छिपे रहे। बहुत बाद में उनमें से कुछ जवानों के जिंदा होने की जानकारी मिली। वीर अहीरों की कलश यात्रा के साथ भारतीय सेना ने अहीर रेजिमेंट मांग को लेकर भारत देश के सभी प्रदेशों से यह शोभायात्रा गुजरेगी। 18 नवंबर को जंतर-मंतर न्यू दिल्ली में इसका समापन होगा।




### 1940 में अंग्रेजों ने समाप्त कर दी थी अहीर रेजिमेंट

जानकारी के मुताबिक 1940 में अंग्रेजी ने अहीर रेजिमेंट को समाप्त कर दिया था। आजादी के बाद 1960 में अहीर जवानों की टुकड़ी बनाई गई। चीन से हुए युद्ध में कुमाऊं रेजिमेंट की 13वीं बटालियन के अहीर सैनिकों ने चीनी हमले का डटकर सामना किया था। इस बटालियन के 117 जवानों में से 114 जवान अहीर थे। इनमें से सिर्फ तीन जवान ही जिंदा बचे थे और उन्हें भी गंभीर चोट लगी थी। मेजर शैतान सिंह की अगुवाई में जवानों ने चीन को खूब छकाया था। इसके बाद गायिका लता मंगेशकर ने जो शहीद हुए उनकी, जहा याद करो कुर्बाना गीत गाया था, जिसने इस घटना को घर-घर तक पहुंचा दिया था। फिलहाल देश के कई राज्यों में अहीर रेजिमेंट की मांग एक बार फिर उठ रही है। राजनीतिक पार्टियों ने भी भारतीय सेना में अहीरों के लिए एक अलग रेजिमेंट की मांग का समर्थन किया है।

### रज कलश का भिलाई-दुर्ग और रायपुर में स्वागत

अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के नेतृत्व में रज कलश यात्रा रायपुर पहुंची, जहां रायपुर के अलावा भिलाई-दुर्ग के यादवों ने यात्रा का स्वागत किया। छत्तीसगढ़ महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मंजू यादव के नेतृत्व में जय यादव-जय माधव के गगनचुंबी जय घोष के साथ वंदन अभिनंदन किया गया। कृष्णा भगवान मंदिर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट के सदस्य व पदाधिकारियों ने रेजांगला युद्ध शहीद सैनिकों के लिए स्मारक बनाने की मांग की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न यादव मठाधीशों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष करुणा यादव, निशा यादव, वर्षा रितु यादव, त्रिवेणी यादव, संध्या यादव, जया यादव, रोमनाथ यादव, भूपेन्द्र यादव, जितेन्द्र यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

# पर्यावरण दिवस पर आम, नीम, सहित 5 पौधे लगाने की अपील



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों से पौधे लगाने की अपील की है। विज्ञान सभा की ओर विश्वास मेश्राम ने बताया कि संगठन की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को पेंटिंग प्रतियोगिता और पर्यावरण जागरूकता चौपाल सहित कई कार्यक्रम किए जाएंगे। इसके अलावा जनमानस और विज्ञान सभा के प्रत्येक सदस्यों से आम, नीम, कौहा अर्जुन, बादाम, अमरूद, गुलमोहर, अमलतास, झगरंडा, झारुल, जामुन, बेल, महुआ और इमली आदि के कम से कम 5 पौधे लगाने की अपील की गई है। श्री मेश्राम ने कहा कि पौधे लगाने के लिए स्थान का चयन कर गड्ढे खुदाई का काम अभी से शुरू कर दिया जाए। पर्यावरण दिवस के संदर्भ में होने वाले आयोजनों से देश के प्रसिद्ध टैक्सनॉमिस्ट प्रोफेसर एम एल नायक, डॉ वाय के सोना एनवायरनमेंट साइंटिस्ट जगदीशपुर बसना, डॉ के के सहारे एनस्थोलॉजिस्ट डीन शासकीय मेडिकल कालेज कोरबा, डॉ अविनाश मेश्राम डीन शासकीय मेडिकल कालेज अंबिकापुर सरगुजा, डॉ स्नेहलता हुमने शिशु रोग विशेषज्ञ राजिम गरियाबंद, अनुपम जोफर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक कांकेर, अंजू मेश्राम शिक्षाविद रायपुर, बी के लाल मोटिवेशनल स्पीकर रायपुर, प्रो. योगेश मेश्राम आईजीकेवीवी रायपुर, दिनेश पोरिया साइंस एक्टिविस्ट भिलाई, एस एच अख्तर साइंस एक्टिविस्ट भिलाई, अजय भोई साइंस एक्टिविस्ट बसना, हेमंत खूंटे विज्ञान कार्यकर्ता पिथौरा, डी एस टंडन, साइंस कम्युनिकेटर बागबाहरा, डॉ विजय शर्मा, पर्यावरण कार्यकर्ता कसेकेरा और अन्य की भागीदारी रहेगी।

● सेनजी महाराज की जयंती व शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए राज्य के पदाधिकारी

# सेन जयंती पर निकली कलश यात्रा, प्रतिभावान हुए सम्मानित पदाधिकारियों ने ली शपथ, 50 लाख से बनेगा सामाजिक भवन

**भिलाई।** संत शिरोमणि श्रीसेनजी महाराज की जयंती और जिला सर्व सेन नाई समाज के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे भवन आदित्य नगर दुर्ग में आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं व युवतियों द्वारा गाजे-बाजे के साथ सेन महाराज के जयकारे लगाते हुए कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान समाज के बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई और समाज के उत्कृष्ट बच्चों सहित अन्य प्रतिभावान लोगो को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान विधायक रिकेश सेन द्वारा दुर्ग में 25 हजार वर्गफीट जमीन पर 50 लाख की लागत से सुविधायुक्त भवन बनाने की घोषणा भी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन उपस्थित थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ केश शिल्पी बोर्ड के चेयरमैन नंदकुमार सेन ने की। विशेष अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास, समाज के प्रांताध्यक्ष पुनीत राम सेन, प्रांतीय सचिव भुवनलाल कौशिक, पार्षद सुरूचि उमरे ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम शुरुआत सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा से शुरू हुई। जिसमें समाज की महिलाएं व युवतियां शामिल हुई और गाजे-बाजे के साथ सेन महाराज के जयकारे लगाते हुए कलश यात्रा विभिन्न चौक-चौराहों से निकाली गई, जो वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। अतिथियों ने सेनजी महाराज की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों के स्वागत के बाद मुख्य अतिथि रिकेश सेन ने दुर्ग जिला सर्व सेन समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष भीखम सेन, उपाध्यक्ष बलेश्वर सेन, विजय सेन, सचिव अमित कौशिक, कोषाध्यक्ष अनिल सेन और सहसचिव मंथीर सेन को पद की शपथ दिलाई।







### किसी विचारधारा के हों, पर सेन महाराज की छत्र छाया में हम सब एकः रिकेश



इस अवसर पर रिकेश सेन ने कहा कि सेन समाज आज हर क्षेत्र में तरक्की की राह पर अग्रसर है। उन्होंने कहाकि अब हमें समाज के ऐसे लोगों से सावधान रहना होगा जो समाज को तोड़ने की कोशिश करते रहते हैं। समाज का इस्तेमाल अपने हित साधने में करते हैं। समाज को गुमराह करने वालों से समाज को सावधान रहते हुए ऐसे लोगों का बायकट कर उनको समाज के मंच से दूर रखना होगा। मंच के आसपास फटकने भी नहीं देना है। उन्होंने कहा समाज में कोई राजनीति नहीं होगी। चाहे हम किसी पार्टी और किसी विचारधारा के हों, पर सेनजी महाराज की छत्र छाया में हम सब एक हैं और सब को कंधे से कंधा मिलाकर समाज के विकास के लिए काम करना है। इस बात का सभी ने हाथ उठाकर इसका समर्थन किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष छत्तीसगढ़ केश शिल्प बोर्ड के चेयरमैन नंदकुमार सेन ने अपने संबोधन में बोर्ड द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। विशेष अतिथि गौरीशंकर श्रीवास, समाज के प्रांताध्यक्ष पुनीतराम सेन, पूर्व प्रांताध्यक्ष भूपेंद्र शंकर सेन, पूर्व प्रांताध्यक्ष विनोद सेन, संरक्षक विमल सेन महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष किलेश्वरी सेन उमरे, पार्षद सुरूचि उमरे, सेलून महासंघ के जिला अध्यक्ष संतोष सेन समेत अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

### 25 हजार वर्गफीट जमीन पर दुर्ग में बनेगा भवन

स्वागत भाषण में जिला अध्यक्ष भीखम सेन ने दुर्ग में छात्रावास भवन की मांग की। जिस पर विधायक सेन ने दुर्ग में 25 हजार वर्गफीट जमीन पर उसमें 50 लाख की लागत से सुविधायुक्त भवन बनाने की घोषणा की। जिसे सभी ने सराहा। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ के हर जिले में जहां भी सेन समाज का सम्मेलन होगा, वहां 25000 रुपए नगद राशि का सहयोग मेरे तरफ से दिया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री के मद से हर जिले में सेन समाज के भवन निर्माण के लिए दस-दस लाख रूपए दिए जाएंगे।

### प्रतिभावान हुए सम्मानित

इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं समेत अन्य प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए अतिथियों समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन समाज के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता हरेंद्र उमेर, लक्ष्मीनायारण सेन और रमेश सेन ने किया।

## समाज इवेंट

# कूर्मि क्षत्रिय समाज का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह आज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज दुर्ग के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण और स्वजातीय जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह का आयोजन आज महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित किया गया है। गुरुवार की सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज जिला दुर्ग के संयुक्त आयोजन में एकदिवसीय शपथग्रहण और जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह होगा। दो सत्रों में होने वाले इस आयोजन के प्रथम सत्र में दुर्ग जिला के पदाधिकारियों का शपथग्रहण और द्वितीय सत्र में छत्तीसगढ़ के स्वजातीय जनप्रतिनिधियों का सम्मान होगा। इस दौरान अध्यक्ष सुनील चंद्राकर, उपाध्यक्ष रोशन वर्मा, विजय चंद्राकर, भारतेन्दु गौतम, सुशील वर्मा, महासचिव कमलेश वर्मा, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश देशमुख, सचिव यादराम चंद्रा, कृतराम मढ़रिया, देवदत्त कौशिक, तृप्ति चंद्राकर, रीना देशमुख सहित कार्यकारिणी सदस्य शपथ ग्रहण करेंगे। इसी सत्र में जनपद पंचायत, जिला पंचायत, नगर निगम, नगरपालिका और पंचायत के सरपंचों व जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। द्वितीय सत्र में छत्तीसगढ़ के स्वजातीय जनप्रतिनिधियों और विशिष्ट दायित्व प्राप्त व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इस सत्र के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज अध्यक्ष और सांसद विजय बघेल, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर उपस्थित होंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज जिला दुर्ग के महासचिव कमलेश वर्मा ने बताया कि इस आयोजन में संपूर्ण छत्तीसगढ़ से निर्वाचित नगर पंचायत, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न आयोगों, मंडलों, संघों तथा बोर्ड में मनोनीत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य शिरकत करेंगे।

- आयोजन में पूरे राज्य से पदाधिकारी होंगे शामिल
- दो सत्रों में होगा आयोजन

## योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन

# स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने तालपुरी वन में योग कर किया गया पौधरोपण





**भिलाई।** वनमण्डल दुर्ग द्वारा योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन नगर वन तालपुरी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि आईएफएस डीएफओ दीपेश वन विभाग जिला दुर्ग थे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत योग प्रशिक्षक दामिनी साहू ने प्रतिभागियों को प्राचीन योग आसनों, प्राणायाम, ध्यान और ध्यान केंद्रित करने की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कमल साहू ने बताया कि

"हमारा उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाना और इसके माध्यम से मानसिक, शारीरिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम सभी के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिसमें वे योग के लाभों को अनुभव कर सकते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित खिलेंद्र कुमार साहू युवा भारत पर्यावरण विभाग प्रांत प्रभारी व छत्तीसगढ़ योग एसोसियेशन राज्यकार्यकारिणी सदस्य ने उपस्थित जनसमुदाय से स्वस्थ्य शरीर के लिए योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करने और प्रतिवर्ष कम से कम एक वृक्ष ट्री गार्ड के साथ लगाकर उसकी सेवा कर सामाजिक दायित्व निभाने की बातें कही। इसके बाद समाजसेवी पाणिग्रही ने लोगो को निरन्तर हो जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग के विषय में जानकारी देते हुए इस समस्या से निपटने के लिए प्रतिवर्ष संगठन या व्यक्तिगत रूप से वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण की बात कही। कार्यक्रम में योगाभ्यास के बाद पौधारोपण भी किया गया। इस आयोजन में जिले के समाज सेवी संगठनो से प्रशांत साहू अध्यक्ष युवा शक्ति संगठन बोरसी, उपाध्यक्ष कन्हैया साहू, पंकज, आशीष, नीरा पांडेय, बसंत साहू, पर्यावरण मित्र मंडल भिलाई सरंक्षक बालू राम वर्मा, दामिनी योग एंड वेलनेस सेंटर दुर्ग के योग साधक, रोज वन तालपुरी में आने वाले नागरिक एवं वनमण्डल दुर्ग के धनेश साहू, लक्ष्मी, आदित्य, प्रमोद यादव, राजेश प्रजापति, अभिषेक ताम्रकार, डी.पी.वर्मा, गोविंद देशमुख, प्रियंका गिरी, निशा सहित सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सामाजिक आयोजन

# क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई का चुनाव 22 को, हुई बैठक



**भिलाई।** क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर का चुनाव 22 जून को किया जाएगा। चुनाव की इसकी घोषणा होने के साथ ही सामाजिक सदस्यों के बीच चुनावी सरगर्मी तेज हो गयी है। 2 वर्षों के बाद हो रहे इस चुनाव में 17 सदस्यीय कार्यकारिणी चुनने के लिए 1565 सदस्य मतदान करेंगे।

क्षत्रिय कल्याण सभा की विशेष आम सभा 22 जून को 9.30 बजे महाराणा प्रताप भवन सेक्टर 7 भिलाई नगर में आयोजित की गयी है। विशेष आम सभा के बाद कार्यकारिणी चुनाव के लिए मतदान किया जाएगा। जानकारी देते हुए सभा के मंत्री शैलेन्द्र सिंह ने बताया की समान्य सभा में अध्यक्ष के उद्बोधन के बाद सुबह 11 बजे से मतदान सपन्न होगा। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूचि का प्रथम प्रकाशन 4 जून को किया जायेगा। दवा - आपत्ति 6 जून को लिए जायेंगे। मतदाता सूचि का अंतिम प्रकाशन 8 जून को किया जायेगा। इस चुनाव के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी अरविन्द कुमार सिंह होंगे। साथ ही बद्री प्रसाद सिंह और अजय कुमार सिंह सहायक चुनाव अधिकारी बनाये गए है।

**17 सदस्यीय कार्यकारिणी चुनने 1565 सदस्य करेंगे मतदान**

## सिटी लाइव

# लोक कलाकारों ने नवल दास का किया अभिनंदन, सदस्यों में हर्ष



**भिलाई।** अंचल के लोक कलाकारों ने कबीर भजन सम्राट और छत्तीसगढ़ लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष नवल दास मानिकपुरी का सम्मान किया है। हाल ही में कल्याण संघ की कोशिशों से वयोवृद्ध कलाकारों की पेंशन राशि में वृद्धि किए जाने से कलाकार बिरादरी की एक बड़ी मांग पूरी हुई है। इस मांग के पूरा होने में कल्याण संघ और नवल दास मानिकपुरी के प्रयास को कलाकारों ने सराहा है। कलाकारों ने बताया कि पूर्व में दी जाने वाली 2000 की राशि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बढ़ाकर 5000 कर दी गई है। इस के लिए प्रदेश अध्यक्ष नवल दास मानिकपुरी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को संगठन के माध्यम से 13 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा था। जिस पर सरकार ने सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए यह निर्णय लिया है। इससे कलाकार बिरादरी में हर्ष है। इस उपलब्धि को देखते हुए कलाकारों ने खुर्सीपार स्थित निवास पहुंच कर नवल दास मानिकपुरी का अभिनंदन किया।

## कार्नर न्यूज

भारतीय भाषा शिविर के चौथे दिन तेलुगु भाषा का दिया प्रशिक्षण

# छात्रों ने सीखा लेमन राइस और पानकम बनाने की विधि, तेलुगु में सब्जी, फल, मसाले के नाम और गिनती सीखने दिखाई रुचि

**भिलाई।** ग्रीष्मकालीन भारतीय भाषा प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन केंद्रीय विद्यालय के बच्चों को तेलुगू भाषा का प्रशिक्षण दिया गया। जिसके अंतर्गत गुरुवार को तेलुगु में सब्जियों, फल, मसाले और गिनती सिखाया गया। इस दौरान बच्चों को दक्षिण भारतीय मंदिरों में प्रसादम के रूप में वितरित की जाने वाली लेमन राइस बनाने की विधि भी सीखाई गई। जिसमें बच्चों ने उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि यह द्रविड़ भाषा परिवार का हिस्सा है और भारत के आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों की आधिकारिक भाषा है। तेलुगु भारतीय भाषाओं में से तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। भाषा के साथ भाषाई क्षेत्र की संस्कृति और परंपरा की जानकारी भी इस शिविर में दी जा रही है।





### दक्षिण भारतीय मंदिरों के प्रसाद का चखा स्वाद

शिविर के चौथे दिन तेलुगु भाषा के अंतर्गत सब्जियों, फलों एवं खड़े मसाले के नाम की जानकारी प्राथमिक शिक्षिका एस वी एस गायत्री द्वारा दी गई। उन्होंने बच्चों को एक पारंपरिक दक्षिण भारतीय पेय 'पानकम' बनाने की विधि सिखाई जो विशेष रूप से दक्षिण के धार्मिक स्थलों एवं धार्मिक उत्सवों के दौरान तैयार किया जाता है। पानकम एक सुगंधित आयुर्वेदिक पेय है जिसमें गुड, इलायची,लौंग और तुलसी के पत्तों को पानी में मिलाया जाता है। यह मिश्रण गर्मी के मौसम में शीतलता प्रदान करती है। साथ ही बच्चों ने दक्षिण भारत के मंदिरों में प्रसादम के रूप में वितरण की जाने वाली लेमन राइस बनाने की विधि भी सीखी। यह सब सीखते हुए बच्चों ने बहुत ही उत्साह और रुचि दिखाई। चौथे दिन छात्रों ने तेलुगु में अभिवादन करना, तेलुगु में फलों, सब्जियों और मसालों के नाम और गिनती सीखा। कार्यक्रम के आयोजन में रामाशीष चौहान, डॉ राखी श्रीवास्तव, डॉ अजय आर्य, सतीश कुमार धीवर आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।



### क्या है पानकम

पानकम एक पारंपरिक दक्षिण भारतीय शीतल पेय है, जो विशेष रूप से राम नवमी के दौरान बनाया जाता है। यह गुड़, पानी, नींबू का रस, इलायची, और अदरक से बनाया जाता है, और इसका स्वाद मीठा और थोड़ा खट्टा होता है। इसे आमतौर पर ठंडा परोसा जाता है, और यह गर्मी में शरीर को ठंडक देने और ऊर्जा प्रदान करने के लिए जाना जाता है। यह एक सरल पेय है, जिसे घर पर आसानी से बनाया जा सकता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मिस इंग्लैंड मिल्ला मैगी के आरोपों में नहीं मिला कोई सबूत, मिस वर्ल्ड की सीईओ ने किया खारिज



मिस इंग्लैंड मिला मैगी ने हैदराबाद में चल रहा पेजेंट छोड़ दिया है। उन्होंने मिस वर्ल्ड के ऑर्गनाइजर्स पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मैगी ने कहा कि उन पर मिस वर्ल्ड के फाइनेंसर्स से मेलजोल बढ़ाने का दबाव बनाया। अधिकारी जयेश रंजन ने बताया कि उन्हें इन आरोपों का कोई सबूत नहीं मिला। मिल्ला मैगी ने पारिवारिक कारणों, खासकर अपनी मां की बीमारी के कारण प्रतियोगिता छोड़ दी। उन्होंने ब्रिटिश मीडिया में कहा था कि प्रतियोगिता का माहौल उनकी उम्मीदों के मुताबिक नहीं था। उनके मुताबिक, प्रतियोगियों को हर समय मेकअप और बॉल गाउन पहनने के लिए कहा जाता था। मिस वर्ल्ड की सीईओ जूलिया मोर्ले ने इन आरोपों को खारिज किया और कहा कि ये झूठे और अपमानजनक हैं। बहरहाल, मिस वर्ल्ड 2025 हैदराबाद में जारी है, फिनाले 31 मई को होगा। आयोजकों ने बताया कि मैगी ने अपनी मां के स्वास्थ्य के कारण प्रतियोगिता छोड़ी और उनकी वापसी की व्यवस्था की गई। इसके बाद, मिस इंग्लैंड की पहली रनर-अप चार्लोट ग्रांट ने उनका स्थान लिया। तेलंगाना में बीआरएस नेता के टी रामा राव ने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की और कहा कि ऐसी घटना दुखद है, क्योंकि तेलंगाना में महिलाओं का सम्मान करने की परंपरा है। 24 साल की मिला मैगी 7 मई को हैदराबाद पहुंची थीं। 16 मई को ही मिला मैगी ने पेजेंट बीच में ही छोड़ दिया और यूके लौट गईं। मिस वर्ल्ड के 74 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब इंग्लैंड को रिप्रेजेंट कर रहीं कंटेस्टेंट को अचानक बदला गया। मिला को मिस इंग्लैंड रनर-अप रिप्लेस किया है।

### टॉलीवुड

## कमल ने फजल की जमकर की तारीफ कहा- आप भारत के अहम अभिनेता



कमल हासन ने एक प्रोग्राम में अली फजल की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि वह भारत के अहम अभिनेता हैं। अली फजल जल्द ही साउथ की फिल्म में नजर आने वाले हैं। कमल हासन साउथ के सुपर स्टार हैं। जल्दी ही उनकी फिल्म 'ठग लाइफ' रिलीज होने वाली है। इसका ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है। फिल्म 'ठग लाइफ' के एक प्रोग्राम में दिग्गज अभिनेता कमल हासन ने बॉलीवुड अभिनेता अली फजल की तारीफ की है। अली फजल जल्द ही साउथ सिनेमा में 'ठग लाइफ' से शुरुआत करने वाले हैं। एक वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कमल हासन अली फजल को संबोधित करते हुए कहते हैं 'अली आप हैं यहां? स्वागत है। मैंने आपको विशाल जी की फिल्म में देखा है। आप मुझे पसंद आए। मैंने सोचा कि मैं आपके साथ काम करूंगा। शुक्रिया। आप भारत के बहुत अहम अभिनेता हैं। हमारे घर के सिनेमा में आपका स्वागत है।' आपको बता दें अली फजल ने '3 इडियट्स' से बॉलीवुड में कदम रखा। इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने फुकरे, सोनाली केबल, खामोशियां, हैप्पी भाग जाएगी, खूफिया जैसी फिल्मों में काम किया है। वह जल्द ही मेट्रो इन दिनों, लाहौर 1947 और ठग लाइफ में नजर आने वाले हैं। कमल हासन अभिनेता होने के साथ-साथ निर्देशक और फिल्म निर्माता भी हैं। वह पांच साल की उम्र से सिनेमा की दुनिया में एक्टिव हैं। वह अब तक 230 फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। उन्होंने तमिल के अलावा मलयालम, तेलुगू, हिंदी, कन्नड़ और बंगाली भाषा की फिल्मों में काम किया है। कमल हासन ने साल 1960 में कालाथुर कन्नम्मा फिल्म से एक्टिंग की शुरूआत की थी।

### भोजपुरी

## 'सोठउरा खइहे सासुजी' हंसा रही और थोड़ा चिढ़ा भी रही, दर्शकों की मिलीजुली प्रतिक्रिया



भोजपुरी सिनेमा प्रेमियों के लिए खुशखबरी! मनोरंजक फिल्म 'सोठउरा खइहे सासुजी' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 24 मई को शाम 6 बजे भोजपुरी सिनेमा चैनल पर हुआ। फिल्म 25 मई को सुबह 10 बजे दोबारा प्रसारित की गई। भोजपुरी सिनेमा प्रेमियों ने इस पर मिश्रित प्रतिक्रिया दी है। फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह ने बताया कि यह फिल्म एक सामाजिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें हास्य और भावना का शानदार मिश्रण देखने को मिल रहा है। फिल्म की कहानी दर्शकों को न केवल हंसा रही बल्कि सामाजिक ताने-बाने पर सोचने के लिए भी मजबूर भी कर रही है। फिल्म का निर्देशन किया है राज किशोर प्रसाद (राजू) ने, जबकि लेखन का कार्य सुरेंद्र मिश्रा और विवेक मिश्रा ने किया है।

फिल्म में भोजपुरी सिनेमा के कई चर्चित चेहरे नजर आ रहे हैं। इसमें गौरव झा, ऋचा दीक्षित, अवधेश मिश्रा, देव सिंह, अनीता रावत, निशा सिंह और रोहित सिंह मटरू जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों ने अभिनय किया है। इन कलाकारों की प्रस्तुति फिल्म को और अधिक प्रभावशाली बनाती है। फिल्म को मैडज़ मूवीज़ प्रेजेंट और वर्ल्ड वाइड फ़िल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया गया है। फिल्म का संगीत भी इसकी एक खास विशेषता है। संगीतकार ओम झा के निर्देशन में तैयार किए गए गीतों को प्यारेलाल यादव, सुरेंद्र मिश्रा, धरम हिंदुस्तानी और राकेश निराला ने लिखा है।

## लाइफ स्टाइल

### ताईपे की शान



ताइपे फैशन वीक एसएस ने कई आभासी, इंटरैक्टिव तत्वों के साथ एक पारंपरिक फैशन शो के क्लासिक पहलुओं को एक मंच पर ला दिया। यहां ׅडिजिटल टर्मिनलׅ प्रदर्शनी कुछ खास रही। पारंपरिक फैशन शो और प्रदर्शनियों के विपरीत यहां प्रत्येक डिजाइनर को अपनी रचनात्मकता को उजागर करने भरपूर अवसर मिला।

## चंदन आइस क्यूब से स्किन को मिल सकते हैं कई फायदे, इन तरीकों से करें इस्तेमाल

गर्मी के मौसम में आपकी स्किन अतिरिक्त केयर मांगती है। बहुत अधिक धूप व तेज गर्मी की वजह से आपकी स्किन को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसकी वजह से आप अपनी स्किन को ठंडक पहुंचाना चाहती हैं और इसके लिए चंदन का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। चंदन को आइस क्यूब की तरह स्किन केयर रूटीन में शामिल करके आप अपनी स्किन को काफी हद तक ठंडक पहुंचा सकती हैं।

चंदन आइस क्यूब को बनाना काफी आसान होता है और साथ ही साथ इसे इस्तेमाल करना भी उतना ही आसान होता है। अगर आप बेहद कम समय में अपनी स्किन की केयर करना चाहती हैं तो ऐसे में चंदन आइस क्यूब को इस्तेमाल कर सकती हैं। चंदन आइस क्यूब रेडनेस को कम करने से लेकर से लेकर पोर्स को टाइट करने और चेहरे को एक फ्रेश ग्लो देने में मदद कर सकता है। साथ ही, आप इसे कई अलग-अलग तरीकों से अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल कर



सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको बता रही हैं कि आप चंदन आइस क्यूब को किस तरह अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल कर सकती हैं-

### चंदन आइस क्यूब्स से स्किन को क्या फायदे मिलते हैं

चंदन आइस क्यूब आपकी स्किन को कई तरह से फायदा पहुंचाता है। चंदन में नेचुरल एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो गर्मी में जलन या सनबर्न से परेशान स्किन को ठंडक पहुंचाते हैं। आइस क्यूब के ठंडे असर के कारण यह सूजन को और भी तेजी से कम करता है। चंदन के एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं जो स्किन पर मौजूद बैक्टीरिया को खत्म करते हैं। आइस क्यूब लगाने से पोर्स भी टाइट होते हैं और सीबम कम बनता है। चंदन से स्किन की रंगत नेचुरल तरीके से सुधरती है। साथ ही, बर्फ की ठंडक से ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है, जिससे चेहरा हेल्दी और ग्लोइंग दिखता है। अगर आप डार्क सर्कल से परेशान है तो ऐसे में चंदन आइस क्यूब का इस्तेमाल करना अच्छा रहता है। चंदन आइस क्यूब्स को आंखों के नीचे लगाने से सूजन कम होती है और डार्क सर्कल धीरे-धीरे हल्के होने लगते हैं। गर्मियों और उमस वाले मौसम में चंदन आइस क्यूब्स ऑयल को बैलेंस में रखते हैं। यही वजह है कि ऑयली स्किन के लिए चंदन आइस क्यूब का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है।

## गर्मी की छुट्टियों में जा रही हैं बीच पर, तो इन आउटफिट्स को अभी से रख लें सूटकेस में



समर वेकेशन लगभग शुरू होने वाले हैं और ऐसे में अधिकतर महिलाएं छुट्टियों में अपने दोस्तों या हस्बैंड के साथ ट्रिप प्लान करती हैं। अगर आप भी इस साल अपने हस्बैंड के साथ बीच पर जाना चाहती हैं और आउटफिट को लेकर परेशान हैं, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको ऐसे ट्रेंडिंग और स्टाइलिश बीच लुक बताएंगे, जिन्हें ट्राई कर आप अपने हस्बैंड के सामने खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती हैं।

### स्टाइलिश बीच लुक

अगर आप अपने हस्बैंड को खुश करना चाहती हैं और अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाना चाहती हैं, तो आप इस तरह के बीच लुक को भी ट्राई कर सकती हैं। इस खूबसूरत मल्टी कलर प्रिंटेड ड्रेस को पहनकर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेंगी। इस तरह की ड्रेस आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह आसानी से मिल सकती है।



### वन शोल्डर बिकनी टॉप और बॉटम

अगर आप भी अपने बीच ट्रिप को यादगार बनाना चाहती हैं, तो अब आप इस खूबसूरत और क्लासी वन शोल्डर बिकनी टॉप और बॉटम बीच लुक को ट्राई कर सकती हैं। इस ड्रेस में आप बेहद खूबसूरत लगेंगी। यही नहीं आपके इस लुक को देखकर आपका हस्बैंड भी आपकी तारीफ करने पर मजबूर हो जाएगा। आप इस तरह की ड्रेस को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### पिंक सॉलिड पीस स्विम कवर उप ड्रेस


यही नहीं आप अपने हस्बैंड के सामने अपनी खूबसूरती का जलवा बिखरने के लिए इस स्टाइलिश पिंक सॉलिड पीस स्विम कवर उप ड्रेस को भी ट्राई कर सकती हैं। यह आपके बीच लुक को गॉर्जियस बनाने में बहुत मदद करेगा।

## फेस शेप के अनुसार खरीदें इयररिंग्स आपको मिलेगा एकदम परफेक्ट लुक

आपको शायद पता ना हो, लेकिन फेस शेप के अनुसार चुने गए सही इयररिंग्स आपके जॉलाइन को उभार सकते हैं, चेहरे की शार्पनेस को सॉफ्ट बना सकते हैं या आपके चेहरे को लंबा और स्लिम दिखा सकते हैं। आपको बता रहे हैं कि आप आपको अपने फेस शेप के अनुसार किस तरह के इयररिंग्स का चयन करना चाहिए-

### राउंड फेस के लिए इयररिंग्स

अगर आपका फेस शेप राउंड है तो आपको ऐसे इयररिंग्स चुनने की कोशिश करनी चाहिए, जिससे आपका चेहरा लंबा और पतला दिखे। ऐसे चेहरे के लिए लंबे झुमके, टीयरड्रॉप डिज़ाइन, वर्टिकल स्टाइल या फिर शार्प या ज्योमेट्रिक डिज़ाइन वाले इयररिंग्स आदि काफी अच्छे माने जाते हैं। चूंकि आपके चेहरे का शेप पहले से ही गोल है, इसलिए आपको राउंड हूप्स, गोल स्टड्स या फिर बहुत मोटे गोल झुमके पहनने से बचना चाहिए। इस तरह के इयररिंग्स आपके चेहरे को और भी मोटा व गोल दिखाएंगे। आप हमेशा ऐसे इयररिंग्स पहनिए, जो जॉलाइन से नीचे तक आते हों,



जिससे आपका चेहरा लंबा लगेगा।

### ओवल फेस के लिए इयररिंग्स

ओवल फेस शेप की खासियत यह होती है कि इस पर अधिकतर इयररिंग्स अच्छे लगते हैं। इसलिए, आपको बहुत अधिक परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप स्टड्स से लेकर हूप्स, चांदबाली व टीयरड्रॉप्स या झुमके आदि कुछ भी ट्राई कर सकती हैं। हालांकि, आप बहुत लंबे ईयररिंग्स पहनने से बचें, जो फेस को और लंबा दिखाएं।

## कोकोनट मिल्क का ऐसे करें इस्तेमाल चेहरे की रंगत में दिख सकता है असर

आप घर पर रहकर कोकोनट मिल्क का इस्तेमाल कर अपने चेहरे पर होने वाली परेशानी को कम कर सकती हैं।

### ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें राय

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा ने बताया कि अपने चेहरे को ग्लोइंग और चमकदार बनाने के लिए अगर आप भी परेशान रहती हैं और बाजार के कई महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल भी कर चुकी हैं, तो अब आप कोकोनट से खास टोनर बना सकती हैं। इसके लिए आप एक स्प्रे बॉटल में कोकोनट मिल्क डाल दें। इसके बाद आप इसमें टी ट्री आयल मिलाकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर दें। अब आप इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

### कोकोनट का इस्तेमाल

यही नहीं आप कोकोनट का इस्तेमाल कर चेहरे के लिए फेस पैक भी तैयार करवा सकती हैं। इसे बनाने का तरीका भी बहुत आसान है। सबसे पहले आप एक कंटेनर में चावल का आटा निकाल लें। इसके बाद इसमें कोकोनट मिल्क एड कर दें। अब इन दोनों को



अच्छी तरह मिक्स करने के बाद आप इसमें थोड़ी हल्दी और शहद भी शामिल कर सकती हैं। इस मिश्रण को अच्छी तरह मिक्स करने के बाद आप इसे अपने चेहरे पर 30 मिनट के लिए लगा कर रख सकती हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

जब भी आप इस फेस पैक का इस्तेमाल करें, तो पहले अपने चेहरे को धो लें। उसके बाद ही इसका इस्तेमाल करें। क्योंकि चेहरे पर जमी गंदगी की वजह से स्किन प्रॉब्लम हो सकती हैं।

## कार्नर न्यूज

### सिर्फ कॉटन ही नहीं, दूसरे फैब्रिक भी हैं आपके लिए

## आपकी त्वचा को चाहिए राहत तो अपनाएं स्किन फ्रेंडली फैब्रिक, एलर्जी से भी बचेंगे

सेंसेटिव स्किन की बात हो या त्वचा की एलर्जी, हर कोई बस सूती कपड़े पहनने की सलाह देता है। मगर क्या कॉटन के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है? सवाल एकदम सही है और इसका सटीक जवाब है- एक नहीं कई ऐसे फैब्रिक हैं जो स्किन फ्रेंडली हैं।खासकर, गर्मी के दिनों में सही फैब्रिक का चुनाव करना होता है। क्योंकि ऐसे मौसम में तेज धूप के कारण जलन, पसीना आदि समस्याएं होती हैं। इसलिए हमें त्वचा का खास ख्याल रखना होता है। अगर आप सही फैब्रिक वाले कपड़े नहीं पहनते हैं तो पसीने के कारण खुजली, त्वचा पर चकते या धब्बे,घमौरियों की दिक्कत और अधिक पसीना निकलने जैसी दिक्कतें होगी।

लेकिन केवल सूती ड्रेस पहनने से बात नहीं बनने वाली है। इसलिए अगर आप कॉटन के कपड़ों के अलावा अन्य फैब्रिक से बने ड्रेस पहनना चाहते हैं तो यहां पर देखें-



### सूती कपड़े हैं सुपर

गर्मी के दिनों में सबसे ज्यादा आरामदायक कॉटन को माना जाता है। हम लंबे समय से सूती कपड़े पहनते आ रहे हैं। इसकी खासियत है कि यह शरीर के तापमान और बाहरी तापमान के बीच संतुलन बनाए रखता है। साथ ही यह पसीने सोखने, शरीर को ठंडक का अहसास कराने जैसेकाम करता है। जिन लोगों को त्वचा संबंधित एलर्जी होती है, उनको सूती कपड़े के ड्रेस पहनने की सलाह दी जाती है। गर्मी में त्वचा से संबंधित कोई समस्या नहीं है तो भी हमें ऐसे कपड़ों को पहनना चाहिए।

### खादी के कपड़े

गर्मियों के लिए खादी भी एक बेहतर फैब्रिक मानी जाती है। पहले खादी अधेड़ उम्र के लोगों की पहचान मानी जाती थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से फैशन जगत में इस को लेकर काफी एक्सपेरिमेंट हुए हैं। यह हीट को बीट करने के लिए काफी अच्छा माना जाता है। आप चाहें तो ट्रेंड के अनुसार खादी से बनी ड्रेसेज पहन सकते हैं। अब आपको खादी के



ड्रेस ऑनलाइन भी मिल जाएंगे। यह इको फ्रेंडली होने के साथ-साथ स्किन फ्रेंडली भी होता है।

### विस्कोस फैब्रिक के कपड़े

विस्कोस फैब्रिक गर्मी के साथ-साथ सर्दियों के लिए अच्छा माना गया है। मगर आप इसको गर्मी में पहनें। क्योंकि यह पसीना आसानी से सोख लेता है, जिससे त्वचा को काफी राहत मिलती है। विस्कोस फैब्रिक के ड्रेसेज काफी ट्रेंडी माने जाते हैं।

### लिनेन के कपड़े

लिनेन के कपड़े देखकर ही कितने हल्के और सुकून देने वाले मालूम होते हैं। मगर ये पहनने में भी उतने ही बेस्ट माने जाते हैं। जानकार बताते हैं, कि खादी और सिल्क को मिक्स करके इसे तैयार किया जाता है। हल्का होने के कारण ये पहनने के बाद बोझिल मालूम नहीं होता है। इसको पहनने पर पसीना भी बहुत कम निकलता है।